# मोदी के टास्क को पूरा करने के लिए खुद को झोंक दिया है बाबूलाल ने

## ■ दिन देखी न रात, स्वास्थ्य-परिवार की चिंता भी नहीं, सिर्फ लक्ष्य पर निगाह

## ■ प्रदेश अध्यक्ष के रूप में 320 दिन में 213 सभाएं करना मामूली बात नहीं

**आजाद सिपाही विशेष**

पूरे देश के साथ झारखंड में चुनावी गहमा-गहमी पूरे उफान पर है और राजनीतिक दलों के नेताओं को इस प्रचंड गर्मी में चुनाव प्रचार करने की बड़ी जिम्मेवारी मिली हुई है। वे इस जिम्मेवारी को निभा भी रहे हैं। लेकिन जिम्मेवारी निभाने और जिम्मेवारी को पूरा करने में एक महीन सा अंतर होता है। इसी अंतर को दुनिया के सामने रख रहे हैं बाबूलाल मरांडी, जिन्होंने महज 320 दिन पहले झारखंड प्रदेश भाजपा की कमान संभाली है। झारखंड की 14 संसदीय सीटों पर चुनाव प्रचार करनेवाले झारखंड के एकमात्र नेता हैं बाबूलाल मरांडी। उन्होंने पूरे राज्य में पिछले 320 दिन में 213 सभाएं की हैं। यह झारखंड के किसी भी नेता के लिए एक रिकॉर्ड हो सकता है। राज्य के हर विधानसभा क्षेत्र का वह दौरा कर चुके हैं और इस क्रम में वह 50 लाख से अधिक, यानी राज्य के हर सातवें व्यक्ति से मिल चुके हैं। भाजपा के जितने भी प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं, उनमें बाबूलाल मरांडी ही ऐसे हैं, जिन्होंने पार्टी के आगे परिवार को तवज्जो नहीं दी। यानी बाबूलाल मरांडी 24 घंटे पार्टी का ही लबादा ओढ़े रहते हैं। अपने स्वास्थ्य की भी वह परवाह नहीं करते। बाबूलाल मरांडी सिर्फ यात्राएं नहीं करते हैं, बल्कि झारखंड की हर छोटी-बड़ी घटना पर बारीक नजर भी रखते हैं, देश-दुनिया की सूचनाओं से अपडेट रहते हैं और राजनीति की गहरी पकड़ के कारण अलग तरह का व्यवहार करते हैं। वास्तव में यदि यह कहा जाये कि बाबूलाल मरांडी भाजपा को उसका गढ़ लौटाने के लिए अपना सब कुछ झोंक चुके हैं, तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस संसदीय चुनाव का परिणाम चाहे कुछ भी हो, बाबूलाल मरांडी का नाम सबसे अधिक मेहनत करनेवाले नेता के रूप में जरूर लिया जायेगा। क्या है बाबूलाल मरांडी की खासियत और क्या हो सकता है इसका परिणाम, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

श्रीमद्भगवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा है, कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥ अर्थात, कर्म पर ही तुम्हारा अधिकार है, कर्म के फलों में कभी नहीं... इसलिए कर्म को फल के लिए मत करो। लेकिन राजनीति में इस उपदेश पर बिरले ही अमल करते हैं। यहां हर नेता पहले फल देखता है, फिर उसे हासिल करने के लिए कर्म करता है। लेकिन झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी इसके अपवाद हैं। वह बिना किसी फल की चिंता के अपना कर्म किये जा रहे हैं। यही कारण है कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के 320 दिन (04 जुलाई, 2023 से 18 मई, 2024) के दौरान वह झारखंड राज्य की हर संसदीय सीट और हर विधानसभा सीट का कम से कम दो बार दौरा कर चुके हैं। इतने कम समय में वह 213 सभाएं कर चुके हैं और करीब 50 लाख लोगों से सीधे बातचीत कर चुके हैं। यानी बाबूलाल मरांडी झारखंड के हर सातवें व्यक्ति से बातचीत कर चुके हैं। अध्यक्ष पद की कमान संभालते ही उन्होंने 17 अगस्त 2023 से लेकर 28 अक्तूबर 2023 तक संकल्प यात्रा के माध्यम से पूरे झारखंड को नाप लिया था। हर क्षेत्र में उन्होंने भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों को रखा और खुद स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए। कई अवसरों पर थकान के कारण उनकी आवाज भी दब जाती थी, लेकिन फिर भी वे हार नहीं मानते और गांव-गांव, शहर-शहर घूम कर जनता से मिलते रहे। संसदीय चुनाव की घोषणा होने के बाद, यानी 22 अप्रैल से आज तक वह 47 सभाएं कर चुके हैं। आज देश भर में भाजपा के जितने भी प्रदेश अध्यक्ष हैं, उनमें से शायद ही कोई इतनी मेहनत करनेवाला होगा। बाबूलाल मरांडी केवल यात्राएं ही नहीं करते, बल्कि हर छोटी-बड़ी राजनीतिक-आर्थिक घटनाओं पर प्रतिक्रिया भी देते हैं और उनकी नजरों के सामने से झारखंड समेत पूरे देश-दुनिया की कोई भी घटना अछूती नहीं गुजरती। इस चुनाव का परिणाम चाहे कुछ भी हो, जब सर्वाधिक मेहनत करनेवाले नेताओं की सूची तैयार होगी, तो बाबूलाल मरांडी का नाम निश्चित रूप से अगली कतार में होगा।

**संघर्ष और कर्म का मिश्रण हैं बाबूलाल मरांडी :** बाबूलाल मरांडी झारखंड के उन राजनेताओं में शुमार हैं, जिनकी संवेदनाएं झारखंड से उष्मा पाती हैं, यहां के पहाड़ उन उष्मा से पिघलने की कोशिश करते हैं और नदियों में वही उष्मा धारा बन कर बहती है। सोते-जागते, उठते-बैठते केवल झारखंड के बारे में, यहां के लोगों के बारे में सोचना, सपने देखना और फिर उन सपनों को पूरा करने के लिए जूझना ही बाबूलाल मरांडी की दिनचर्या है। अपने राजनीतिक कैरियर में तमाम उतार-चढ़ाव झेलने के बावजूद न तो उनका संघर्ष का माद्दा कम हुआ है और न ही उनके व्यक्तित्व में कोई बदलाव आया है। वह आज भी उतने ही मृदुभाषी और मिलनसार हैं, जितने आज से 30 साल पहले थे। राजनीतिक ऊंचाई हासिल करने के बावजूद उनकी सादगी लोगों के लिए मिसाल है, तो विचारों में स्पष्टता और लक्ष्य के प्रति उनका समर्पण प्रेरणादायी है।

बाबूलाल मरांडी झारखंड के पहले मुख्यमंत्री या झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भर नहीं हैं। वह झारखंडी लोक जीवन के जीते-जागते प्रतिबिंब हैं। आज भी बेहद सादगी से रहना, दो रोटी और दाल के सहारे दिन बिताना और झारखंड के बारे में सोचना ही बाबूलाल मरांडी को दूसरे राजनेताओं से अलग करता है। झारखंड के पिछड़ेपन और गरीबी के कारणों की जितनी सूक्ष्म व्याख्या बाबूलाल मरांडी करते हैं, उतनी शायद एक विशेषज्ञ भी नहीं कर सकता है। वह कहते हैं, झारखंड की गरीबी और पिछड़ेपन का एक कारण इसकी भौगोलिक स्थिति है। हम जब 12 घंटे का सफर तय कर सूरत या मुंबई पहुंचते हैं, वहां के लोग उससे कम समय में खाड़ी देश और अमेरिका-ब्रिटेन पहुंच जाते हैं। इसलिए विदेशों में झारखंड के लोग कम मिलते हैं।



एक साधारण सरकारी स्कूल के शिक्षक से सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री का सफर तय करनेवाले बाबूलाल मरांडी के विचारों में यही बारीकी और स्पष्टता उन्हें प्रदेश के दूसरे नेताओं से अलग करती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के निष्ठावान स्वयंसेवक और प्रचारक के रूप में कैरियर शुरू करनेवाले बाबूलाल मरांडी का जीवन कई झंझावातों से गुजरा है।

**हमेशा राजनीति के केंद्र में रहे :** बाबूलाल मरांडी के व्यक्तित्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि वह हर परिस्थिति में राजनीति के केंद्र में रहे। इसका मुख्य कारण यह है कि चुनाव हारने के बावजूद उन्होंने जनता से अपना संपर्क जीवित रखा लगातार जनता के संपर्क में रहने और पूरे राज्य की यात्रा करने के कारण उन्होंने अपने राजनीतिक वजूद को मजबूत ही किया। बाबूलाल के बारे में कहा जाता है कि वह कभी हल्की बात नहीं करते और बहुत आगे की सोच कर अपनी रणनीति तैयार करते हैं। उनके बारे में यह बात भी मशहूर है कि वह किसी फैसले पर पहुंचने से पहले खूब विचार-विमर्श करते हैं, लोगों के सुझाव सुनते हैं और तब फैसले पर पहुंचते हैं। एक बार फैसला लेने के बाद पीछे नहीं हटते। राजनीति के मैदान में ऐसा कम देखने को मिलता है। बाबूलाल मरांडी सोच-समझ कर अपनी रणनीति बनाते हैं और फिर उस पर अमल करते हैं। वह जो भी मुद्दा उठाते हैं, उसे अंजाम तक पहुंचाने के बाद ही दम लेते हैं। इसके कारण लोगों का भरोसा इनके प्रति है। वह यात्राओं और दौरों की मदद से लोगों से सीधा संवाद बनाते हैं। उनके पास झारखंड के विकास का एक विजन है, जिस पर वह काम करते हैं। साफ-सुथरी और स्पष्ट राजनीतिक विचारधारा इनकी खासियत है। और सबसे अलग अनावश्यक सुर्खियों में रह कर वह श्रेय लेने की फिराक में नहीं रहते।

**गिरिडीह की परंपरा को आगे बढ़ाया:** 11 जनवरी, 1958 को गिरिडीह के कोदाइबांक में पैदा हुए बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह की उस परंपरा को आगे बढ़ाया है, जिसमें कई शिक्षकों-गुरुओं ने राजनीति में अपना एक अलग मुकाम बनाया है। व्यवस्था बदलाव और शिखर तक जाने की सोच के साथ शिक्षक की नौकरी त्यागने वाले गिरिडीह के गुरुओं ने राजनीति में लंबी लकीर खींची है। रिश्वत मांगे जाने के कारण बाबूलाल मरांडी ने शिक्षक की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक स्वयंसेवक बन गये।

बाबूलाल मरांडी का गांव गिरिडीह के बेहद पिछड़े और उग्रवादगस्त तिसरी प्रखंड में पड़ता है। इसलिए उग्रवाद के खिलाफ इनके मन में बचपन से ही नफरत है। नक्सली हिंसा को बेहद नजदीक से अनुभव करनेवाले बाबूलाल मरांडी की स्कूली शिक्षा गांव में ही हुई। बाद में उन्होंने गिरिडीह कॉलेज से इंटरमीडिएट तथा स्नातक की पढ़ाई पूरी की। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान मरांडी आरएसएस से जुड़ गये। मरांडी ने आरएसएस से पूरी तरह जुड़ने से पहले गांव के स्कूल में कुछ सालों तक कार्य किया। इसके बाद वे संघ परिवार से जुड़ गये। उन्हें झारखंड क्षेत्र के विश्व हिंदू परिषद का संगठन सचिव बनाया गया। 1989 में उनकी शादी शांति देवी से हुई। इनका बेटा अनूप मरांडी 2007 के गिरिडीह क्षेत्र में हुए नक्सली हमले में मारा गया था।

**शिबू सोरेन से हारे पहला चुनाव, फिर उन्हें हराया :** 1991 में मरांडी ने भाजपा के टिकट पर दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। 1996 में वह फिर शिबू सोरेन से हार गये। इसके बाद भाजपा ने 1998 में विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। पार्टी ने उनके नेतृत्व में झारखंड क्षेत्र की 14 लोकसभा सीटों में से 12 पर कब्जा कर लिया। उस चुनाव में उन्होंने शिबू सोरेन को दुमका से हरा कर चुनाव जीता था। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उन्हें वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री बनाया गया। 15 नवंबर, 2000 को अलग झारखंड राज्य बनने के बाद एनडीए के नेतृत्व में बाबूलाल मरांडी ने राज्य की पहली सरकार बनायी और करीब 28 महीने तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। इसके बाद उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव में कोडरमा सीट से चुनाव जीता, जबकि पार्टी के अन्य उम्मीदवारों को हार का मुंह देखना पड़ा।

**अलग किस्म की राजनीति की:** बाबूलाल मरांडी ने हमेशा अलग किस्म की राजनीति की है। चाहे कोडरमा के अभ्रक मजदूरों का मामला हो या संथाल के विस्थापितों का, गिरिडीह में उग्रवाद का मुद्दा हो या धनबाद में अपराध का, बाबूलाल मरांडी आंदोलन के लिए पहली कतार में रहे। उग्रवाद के खिलाफ उन्होंने 'टॉर्चलाइट अभियान' चलाया, जिसने नक्सलियों को बुरी तरह नाराज कर दिया। अभियान के तहत बाबूलाल मरांडी ने उग्रवाद प्रभावित गांवों में टॉर्चलाइट बांटना शुरू किया था। इसका नतीजा यह हुआ कि उन्हें अपना जवान बेटा खोना पड़ा। सीएम के रूप में बाबूलाल का कार्यकाल लगभग ढाई वर्षों का रहा। इस दौरान विकास और प्रशासन के मोर्चे पर उनका प्रदर्शन सराहनीय माना गया।

अब बात 2024 में भाजपा की चुनौतियों और तैयारियों की। भाजपा जानती थी कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए 2019 वाला परिणाम दोहरा पाना आसान नहीं था। पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त राज्य में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार थी। अभी राज्य में झामुमो की अगुवाई वाले गठबंधन की सरकार है। इसलिए भाजपा को 2019 की तुलना में ज्यादा ताकत झोंकनी पड़ेगी। भाजपा जानती थी कि झारखंड में 2024 में 2019 का लोकसभा चुनाव परिणाम दोहराने के लिए सबसे पहले आदिवासी वोट बैंक का सबसे बड़ा शेयर हासिल करना जरूरी है। इसलिए बाबूलाल मरांडी को कमान सौंपी गयी। और बाबूलाल मरांडी इस चुनौती को पूरा करने के लिए अपना सब कुछ झोंक चुके हैं।


A Media Marketing Initiative



मजदूर नेता स्व० राजेंद्र प्रसाद सिंह

# महिला सशक्तीकरण, महंगाई से मुक्ति, बेरोजगारी दूर करने के लिए इंडी गठबंधन को मजबूत करें, मुझे अपना स्नेह व आशीर्वाद दें : अनुपमा सिंह

## आधी आबादी, किसानों, मजदूरों और व्यवसायी भाइयों के हितों की रक्षा ही चुनाव लड़ने का मुख्य मकसद : अनुपमा सिंह






धनबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में धीरे-धीरे जनसैलाब उमड़ पड़ा है. जगह-जगह बैठकों, जनसंपर्क और रोड शो का दौर जारी है. इस क्रम में गठबंधन की सभी पार्टियां एक साथ अभियान चला रही हैं. गुरुवार को झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मणिशंकर ने विभिन्न इलाकों में अभियान चलाया. उन्होंने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में बदलाव का माहौल है. उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी महंगाई की बात उठाती है, तो मोदी सरकार पाकिस्तान की बात करती है. बेरोजगारी की बात की जाती है, तो मोदी सरकार रामलला की बात करती है. कांग्रेस जब किसानों की बात करती है, तो मोदी मंगलसूत्र की बात करते हैं. गत पांच वर्षों से वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा मिलने वाली रियायत मोदी सरकार ने रोक लगा रखा है. मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, सुल्तान अहमद, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, मदन महतो, शमशेर आलम, वैभव सिन्हा आदि उपस्थित थे. वहीं दूसरी ओर कुसुंडा क्षेत्र के गोधर कोलियरी परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान मिथिलेश सिंह ने कहा : चुनाव के बाद प्रबंधन के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेगा. वहीं दूसरी ओर गुरुवार को सीपीआइएम की धनबाद लोकल कमेटी की विस्तारित बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी कार्यकर्ता अनुपमा सिंह के पक्ष में अभियान चलायेंगे. वहीं दूसरी ओर बोकारो विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया. श्रीमती सिंह ने कहा कि कांग्रेस महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देगी. देश में इंडी महागठबंधन की सरकार बनने के बाद महिलाओं के लिए केंद्र सरकार 50 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित करने वाली है. दूसरी ओर बेरमो विधायक अनूप सिंह ने भाजपा को घोषणावीर बताते हुए कहा कि भाजपा ने देश को ठगने का काम किया है.




### मैं आपकी बेटी, बहन और बहू हूं हमेशा प्रणाम करूंगी

अपने जनसंपर्क के दौरान श्रीमती अनुपमा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जात-पात की नहीं, बल्कि जमात की राजनीति करती है. उन्होंने कहा कि मैं बोकारो और धनबाद जिले की बेटी, बहन और बहू हूं, हमेशा आपका सम्मान रखूंगी. उन्होंने लोगों से अपील की कि एक बार उनको मौका देकर देखें कि कैसे बोकारो और धनबाद जिले का विकास होगा. अपने व्यवसायी भाइयों के साथ हमेशा खड़ी रहूंगी. किसानों की समस्या दूर होगी. उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट देकर दहशत में जीने से बेहतर है कि आप कांग्रेस को साथ दें, एक मौका मुझे दें, दोनों ही जिले में दहशत नहीं, सकून महसूस करेंगे सभी लोग. विकास की बातें होंगी, अपराध की नहीं.

### मेरी प्राथमिकताएं

- धनबाद से दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और अन्य महानगरों के लिए सीधी रेल सेवाएं
- एयरपोर्ट एवं सुव्यवस्थित सड़क सुविधा।
- स्वच्छ जल घर-घर पहुँचाना।
- 24 घंटे बिजली आपूर्ति
- बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें
- प्रदुषण मुक्त धनबाद
- युवाओं के लिए रोजगार
- महिलाओं को सशक्त और समृद्ध बनाना।
- आधारभूत संरचना एवं काया कल्प को नवीनतम और सुदृढ़ बनाना जिससे विकास हो सके।
- दिल में है बस एक सपना, पलायन मुक्त हो क्षेत्र अपना
- बच्चों और युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था
- सहारा इण्डिया के निवेशकों के पैसो वापस कराना

### कांग्रेस का घोषणा पत्र

- 30 लाख सरकारी नौकरी
- अग्निवीर स्कीम खत्म होगा
- किसानों का कर्ज माफ होगा
- किसानों को MSP की कानूनी गारंटी
- 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा
- महिलाओं को हर महीने ₹8,500
- सरकारी नौकरी में महिलाओं को 50% आरक्षण
- 10 किलो अनाज हर महीना
- नारी न्याय अधिकार मैत्री







### बुजुर्गों की सुविधाएं लौटायेंगे : अनुप सिंह

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह (अनूप सिंह) ने कहा कि भाजपा ने केवल लोगों को ठगने का काम किया. उनसे बुजुर्गों तक को नहीं छोड़ा. कोरोना के नाम पर ट्रेन में मिलने वाली सुविधाएं भी छीन लीं. ट्रेन का टिकट महंगा हो गया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो हर हाल में सभी सुविधायें बहाल की जायेंगी. मजदूरों और नवजवानों के लिए काम होगा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट देकर यहां बेहतर माहौल बनाने में सहयोग करें.

**अनुपमा सिंह की अपील : 25 मई को मतदान करना ना भूलें, अपने बूथ पर जायें और क्रम सं. 1 हाथ छाप पर वोट कर कांग्रेस को समर्थन दें**

www.epaper.azadsipahi.in

19 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 208







# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घाटशिला में सभा आज

- आगमन की तैयारी पूरी, लोगों में उत्साह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को घाटशिला आ रहे हैं। वह यहां जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन की तैयारी पूरी कर ली गयी है। घाटशिला के मऊभंडार स्थित ताम्र प्रतिभा मैदान सज-धज कर तैयार हो गया है। मंच, ग्रीन हाउस आदि बन कर तैयार है। चप्पे-चप्पे पर जवान तैनात किये गये हैं। पूरा शहर पोस्टर-बैनर से पटा हुआ है। स्थानीय लोगों में मोदी की झलक पाने और उनको सुनने को लेकर उत्साह है।

**सभास्थल के पास तीन हैलीपेड तैयार:** प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 बजे घाटशिला पहुंचेंगे। सभा घाटशिला के मऊभंडार स्थित ताम्र प्रतिभा मैदान में होगी। यहीं कार्यक्रम स्थल से कुछ दूरी पर मऊभंडार गोल्फ ग्राउंड में हैलिपैड बनाये गये हैं। रविवार को यहां हेलिकाप्टर लैंडिंग का ट्रायल लिया गया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में उनके साथ दो अन्य हेलिकाप्टर भी होंगे। यानी तीन हेलिकॉप्टर मैदान में उतरेंगे। इसलिए मऊभंडार गोल्फ ग्राउंड में कुल तीन हेलीपैड बनाये गये हैं। वहां से कार से वह कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे।

**पूरे शहर मे उत्सवी मौहाल:** प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा को लेकर स्थानीय लोगों के बीच उत्साह का माहौल दिख रहा है। स्थानीय महिला-पुरुष से लेकर बच्चे भी काफी खुश और उत्साहित प्रतीत हो रहे है। पीएम की जनसभा में पहुंचने समेत कई अन्य बातों की भी लोग जानकारी जुटा रहे है। इस बीच, भाजपा नेता भी आम लोगों के बीच पहुंच कर उन्हें पीएम की सभा के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।



### मंच बन कर तैयार, कई प्रदेश के नेता दिखेंगे

मऊभंडार स्थित ताम्र प्रतिभा मैदान में मंच तैयार हो गया है। सुरक्षा की दृष्टि से मंच से निर्धारित दूरी तक घेराबंदी की गयी है, इसके बाद लोगों के बैठने का इंतजाम है। सभा में मंच पर प्रधानमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी प्रत्याशी विद्युतवरण महतो समेत कई अन्य वरीय नेता मौजूद रहेंगे। मंच से कुछ दूरी पर नीचे में लगी कुसियों पर वीआइपी और पार्टी के स्थानीय नेताओं के बैठने के इंतजाम किया गया है। इसके बाद दर्शक दीर्घा बनाया गया है। पंडाल में चारों ओर यूरिनल, पेयजल अदि की व्यवस्था की गयी है। पंडाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कटआउट लगाया गया है। पोस्टर में प्रधानमंत्री के साथ-साथ, आजसू के अध्यक्ष सुदेश महतो, लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान समेत कई अन्य नेताओं की तस्वीर है।

### एसपीजी टीम पहुंची चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा

प्रधानमंत्री के आगमन से पहले एसपीजी की टीम शनिवार को घाटशिला पहुंच चुकी है। कार्यक्रम स्थल को एसपीजी ने अपनी सुरक्षा में ले लिया है। शनिवार को एसपीजी और जिला प्रशासन की टीम ने मॉक ड्रिल किया और सुरक्षा का जायजा लिया। करीब 2500 पुलिस बल के जवानों की ड्यूटी लगायी गयी है। साथ ही कई डीएसपी, इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को भी पीएम की सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। पूरा घाटशिला हाइ एलर्ट पर है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

# चुनाव प्रचार थमा, अब डोर-टू-डोर प्रचार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। शनिवार को प्रचार प्रसार थम गया। इस चरण में होने वाले चुनाव में 695 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इनमें 82 महिलाएं और 613 पुरुष उम्मीदवार शामिल हैं। इस पांचवें चरण में (झारखंड में दूसरा चरण) झारखंड की तीन सीटें भी शामिल हैं। तीन सीटों कोडरमा, चतरा और हजारीबाग में मतदान होना है। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इन तीन सीटों पर 54 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें दो महिलाओं के साथ 23 निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं।






# कल्पना ने गांडेय में रोड शो किया



### प्रचार के अंतिम दिन इंडी गठबंधन ने झोंकी ताकत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गांडेय।** झारखंड में दूसरे चरण के मतदान के प्रचार के अंतिम दिन एनडीए और इंडी गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी। इंडी गठबंधन ने शनिवार को गांडेय में भव्य रोड-शो किया। रोड शो के जरिये इंडी गठबंधन कल्पना सोरेन के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने का प्रयास करते दिखा। उत्सव उपवन से निकले इस रोड शो में गांडेय प्रत्याशी कल्पना सोरेन के साथ सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, जेएमएम के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, माले नेता राजेश सिन्हा समेत जेएमएम के काफी संख्या में कार्यकर्ता बाइक में सवार दिखे। रोड शो का काफिला जब सिहोडीह होते हुए गिरिडीह कॉलेज और सोनबाद पार किया, तो बीच रास्ते में ग्रामीण महिलाओं ने इस दौरान कल्पना सोरेन का स्वागत भी उसी अंदाज में माला पहना कर किया। जेएमएम कार्यकर्ता भी जम कर कल्पना सोरेन के समर्थन में नारेबाजी करते नजर आये। कमोबेश रोड शो में ग्रामीण महिलाओं से मिले स्नेह के कारण और समर्थकों का जोश हाइ देख कर कल्पना भी उत्साह और उमंग से लबरेज नजर आयीं। पूरे रोड शो के दौरान महिलाओं से मिल कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। खुद उनके पास पहुंच कर उन्हें ही माला पहनाना शुरू कर दिया। इसके बाद कल्पना सोरेन का रोड शो बेंगाबाद की ओर रवाना हुआ, बेंगाबाद में कल्पना के रोड शो में भी भीड़ दिखी। कल्पना सोरेन का रोड शो वहां से कई गांवों से गुजरते हुए गांडेय की ओर बढ़ गया और शाम को समाप्त हो गया।

# केजरीवाल के पीए बिभव कुमार गिरफ्तार

- मेडिकल रिपोर्ट में स्वाति मालीवाल से मारपीट की पुष्टि
- कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** आप सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम हाउस में मारपीट के आरोपी अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद बिभव को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। गौरतलब है कि स्वाति ने आरोप लगाया था कि बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट और बदसलूकी की। उनके कपड़े तक फट गये थे। स्वाति ने 16 मई को एफआइआर करवायी थी। पुलिस ने मालीवाल का मेडिकल करवाया। रिपोर्ट में उनके साथ मारपीट की पुष्टि हुई।

### सभी नेताओं संग आज भाजपा कार्यालय जाऊंगा: केजरीवाल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप देख सकते हैं कि वे किस तरह हमारी पार्टी के पीछे पड़े हैं। वह हम सबको जेल में डालना चाहते हैं। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहूंगा कि आप यह 'जेल का खेल' खेल रहे हैं। केजरीवाल शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वह रविवार दोपहर 12 बजे भाजपा मुख्यालय अपने सभी विधायकों, सासंदों और पार्टी के सभी बड़े नेताओं के साथ जा रहे हैं। पीएम मोदी जिस-जिस नेता को गिरफ्तार करना चाहते हैं, उन्हें गिरफ्तार कर सकते हैं।
















### सांसद संजय सेठ ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया, कहा

# भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने शनिवार को गोंदा मंडल, कांटाटोली के विभिन्न क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। दादुर बगान चौक में महिला सम्मेलन कार्यक्रम में कहा कि आज देश विकसित भारत की श्रेणी में खड़ा है। आज का भारत आत्मनिर्भर भारत है। आज का भारत हाथ फैलाने वाला भारत नहीं, बल्कि दूसरों को देने वाला भारत है। भारत खुद हथियार का निर्माण कर रहा है। यही नहीं, अब दूसरे देश भी हमसे हथियार खरीद रहे हैं। लड़ाकू विमान तेजस हम खुद अपने देश में बना रहे हैं और दूसरे देश आज हमारे बने हुए फाइटर प्लेन ले रहे हैं। यह है विकसित भारत की ताकत। झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। झारखंड में बिना पैसे का कोई काम नहीं हो पा रहा है। बिजली, बेरोजगारी हो या कानून व्यवस्था, सब ध्वस्त है। इस लंगड़ी और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। सांसद सेठ ने लोगों से अपील करते हुए कहा लोकतंत्र के इस पर्व में सभी 25 तारीख को अपना मतदान राष्ट्र के निर्माण के लिए करें। मौके पर विकास कुमार रवि, रामेंद्र कुमार, विश्वास कुमार, जगलाल पाहन, माया सिंह सिसोदिया, नकुल तिर्की, रामलगन राम, कुंदन सिंह, जीतेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद थे।



#### महिलाओं को सम्मान मोदी ने दिया: गीता कोड़ा

सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि महिलाओं को किसी ने समझा वह हैं नरेंद्र मोदी। नरेंद्र मोदी जो भी कार्य करते हैं, वह महिलाओं को केंद्र बिंदु में रखकर कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी की ही देन है कि आज महिला गांव के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। देश की महिलाओं को 33 परसेंट आरक्षण देकर सशक्त करने का काम किया है, ताकि महिलाएं राजनीति में अपनी भागीदारी निभा सकें।

## हेमंत सोरेन सीजेएम कोर्ट में चौथी बार भी नहीं हुए उपस्थित

रांची (आजाद सिपाही)। समन की अवहेलना मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी के शिकायतवाद पर सीजेएम कोर्ट में संज्ञान लिये जाने के बाद शनिवार को हेमंत सोरेन की उपस्थिति चौथी बार सीजेएम कोर्ट में नहीं हुई। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को चुनौती दी गयी है। हाइकोर्ट में यह मामला अभी लंबित है। बता दें कि इस संबंध में इडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952-2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल किया गया है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता इडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत को इडी ने जमीन घोटाला मामले में 10 समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन इडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह इडी के समन की अवहेलना है। हेमंत इडी के समक्ष 20 जनवरी को 8वां समन और 31 जनवरी को दसवें समन में उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समन मामले में इडी ने दिल्ली में सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज करायी थी।

## कॉमर्स कोचिंग क्लासेस में सम्मान समारोह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कॉमर्स कोचिंग क्लासेस में 12वीं के छात्रों को सम्मानित किया गया। यह कोचिंग पुरुलिया रोड आइ कश्यप हॉस्पिटल के नजदीक स्थित है। यहां पर 11वीं 12वीं बीकॉम और बीबीए के क्लासेस होते हैं। संचालक अकरम हुसैन ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में पुरस्कार का बहुत महत्व है, जो इच्छाशक्ति को और भी ज्यादा मजबूत बनाता है।

## रांची विवि: पीजी विभाग सेमेस्टर चार की परीक्षा 28 से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय पीजी सत्र 2022-24 के सेमेस्टर चार की परीक्षा 28 मई से होगी। रेगुलर पीजी विभागों के छात्र के प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड न होकर उनके संबंधित विभागों से दिया जायेगा। शनिवार को विभागाध्यक्षों ने कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा से आग्रह किया कि छात्रों को ऑनलाइन एडमिट कार्ड उपलब्ध कराने के बजाये उन्हें विभाग में बुला कर प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जाये। क्योंकि तय परीक्षा तिथियों के अनुसार छात्रों के शोध प्रबंध और प्रोजेक्ट विमर्श के लिए कम समय उपलब्ध है। ऐसे में विभाग में प्रवेश पत्र के लिए आने पर छात्रों को शोध प्रबंध और प्रोजेक्ट जैसे कार्यों पर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जा सके। कुलपति ने विभागाध्यक्षों के आग्रह को स्वीकार कर लिया। वहीं कॉलेजों में संचालित पीजी विभागों और वोकेशनल के प्रवेश पत्र पूर्व की तरह ही ऑनलाइन डाउनलोड होंगे।

## खाटू धाम के लिए पदयात्रा पर निकले राहुल का स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। टाटानगर से खाटू धाम राजस्थान 1800 किलोमीटर की पदयात्रा कर बाबा श्याम को निशान चढ़ाने के लिए निकले राहुल शर्मा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राहुल शर्मा को सुशील तमोली द्वारा माला, डॉ महेंद्र राज द्वारा दुपट्टा पहनाया गया। नंदकिशोर चांगल, विष्णु प्रसाद, जयदीप राज, पवन अजारीवाल, राजेश चांगल, संजय दिनोदिया, राजेंद्र वर्मा, महेश सेन, मुकेश जाजोदिया, आनंद अग्रवाल, सुदामा कुमार, केशव कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस आज



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से मंदिर का आठवां स्थापना दिवस समारोह रविवार को मनेगा। इसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मुख्य समारोह रात्रि 9.30 बजे से शुरू होगा। पूजन के उपरांत मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके स्थापना समारोह की शुरुआत करेंगे। कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक शर्मा रांची आ चुके हैं। कोलकाता-बेंगलुरु से मंगाये गये विभिन्न प्रकार के फूलों से बाबा श्याम को सजाया जायेगा।

## भाजयुमो ने संजय सेठ के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

रांची (आजाद सिपाही)। भाजयुमो कला, खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने शनिवार को कांके, पिठौरिया के विभिन्न गांवों में रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में जन संपर्क अभियान चलाया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 70 साल बाद महिलाओं को सम्मान दिया। मोदी केंद्र से एक रुपये भेजते हैं, तो लाभुकों के खाते में पूरा एक रुपये पहुंचता है, यह नरेंद्र मोदी की गारंटी के कारण संभव है।

## व्यय प्रेक्षक ने की व्यय लेखा पंजी की जांच

रांची (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशियों के निर्वाचन संबंधित व्यय लेखा पंजी की द्वितीय जांच शनिवार को की गयी। व्यय प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में व्यय अनुश्रवण कोषांग के प्रभारी और अन्य पदाधिकारियों की ओर से विकास भवन सभागार में प्रत्याशियों के निर्वाचन संबंधित व्यय लेखा पंजी की द्वितीय जांच की गयी। इससे पहले 14 मई को निर्वाचन से संबंधित व्यय लेखा पंजी की प्रथम जांच की गयी थी। प्रेक्षक लगातार व्यय लेखा पंजी की की जांच कर रहे हैं।

## यशस्विनी सहाय के समर्थन में इंडी गठबंधन के घटक दल ने बनायी रणनीति

रांची (आजाद सिपाही)। रांची से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में इंडी गठबंधन के घटक दल राजद, कांग्रेस और झामुमो की बैठक शनिवार को चुटिया में संपन्न हुई। बैठक राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय में हुई। निर्णय हुआ कि कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में जनसंपर्क अभियान एवं जगह जगह पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जायेगा। वहीं वक्ताओं ने कहा कि आज देश के ऊपर कई लाख करोड़ रुपये कर्ज हो चुका है। देश की जनता महंगाई एवं बेरोजगारी से परेशान है। अगर भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीती तो सबसे पहले संविधान को ही बदल देगी। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाये गये संविधान को बचाना है, तो जनता कांग्रेस प्रत्याशी को जिताना होगा। इस मौके पर राजद प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय, झामुमो के वरिष्ठ नेता रामशरण विश्वकर्मा, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेन राम के साथ अनिल सिंह, अरविंद मुंडा, मनोज कुमार, संजीव महतो, कृष्णा सहाय, दिलीप पांडेय सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## रांची-मुरी रेल सेक्शन में विकास कार्य के कारण ट्रेनें प्रभावित

रांची (आजाद सिपाही)। रांची-मुरी रेल सेक्शन में विकास कार्य के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रांची रेल मंडल की ओर से इस संबध में जानकारी दी गयी है। बताया गया है कि रांची-मुरी रेल सेक्शन के अंतर्गत किता गौतमधारा और मुरी रामगढ़ केंट सेक्शन माइल रामगढ़ कैंट में विकास कार्य किया जा रहा है। इसके लिए पावर ब्लॉक लिया जा रहा है, जिसके कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित किया गया है। इसमें ट्रेन संख्या 13503 और 13504 वर्द्धमान हटिया वर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस की यात्रा 20 मई को बोकारो स्टील सिटी स्टेशन पर आंशिक प्रारम्भ होगा। ट्रेन संख्या 18601 और 18602 टाटानगर हटिया टाटानगर एक्सप्रेस की यात्रा 20 मई को पुरुलिया स्टेशन पर आंशिक समापन और आंशिक प्रारंभ होगा।

## राज्य में नशा और कुपोषण गंभीर चुनौती: सचिव

#### संतोष बीएड कॉलेज में कार्यशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संतोष कॉलेज आफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय था- महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित परियोजनाएं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महिला एवं बाल कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड में महिला स्वास्थ्य और बाल विकास आधारित प्रोजेक्ट वर्क को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। नशा-कुपोषण गंभीर चुनौती है। चार क्षेत्रों में प्रोजेक्ट वर्क पर काम किया जा सकता है, जैसे महिला, बाल सुरक्षा, दिव्यांग उत्थान, सामाजिक कल्याण, ड्रग्स फैलाव पर नियंत्रण। मौके पर कंपनी सचिव एचइसी अभय कंठ उपस्थित थे।



## आसाराम बापू को पेरोल दे सरकार: धर्मेंद्र तिवारी

#### राम रहीम को साल में तीन बार पेरोल, बापू को एक बार भी नहीं, यह कौन सा कानून?

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और रांची लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने राजस्थान और केंद्र सरकार से मांग की है कि आध्यात्मिक संत आसाराम बापू को पेरोल पर रिहा किया जाये। कहा कि सनातन की बात करने और वोट बटोरने वाली भारतीय जनता पार्टी आसाराम को क्यों नहीं पेरोल देती। राजस्थान और केंद्र सरकार को जब बापू से काम था, तब तो उनकी आरती उतारी। जब काम निकल गया, तो दुष्कर्म के झूठे आरोप में उन्हें जेल में सड़ाया जा रहा है। इसके ठीक विपरीत हरियाणा की सरकार राम रहीम को कई बार पेरोल दे चुकी है। राम रहीम साल में तीन बार पेरोल ले चुके हैं, लेकिन आसाराम बापू को पेरोल देने में सरकार को तमाम कानून याद आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि संतों के कंधों पर चढ़ कर भाजपा केंद्र में सत्ता में आयी, लेकिन जब आसाराम बापू के साथ ज्यादती हुई तो सरकार ने अपनी आंखें बंद कर ली। यह तो नाइंसाफी है।



## पारस हॉस्पिटल ने दिल के मरीज की जान बचायी

#### 60 वर्षीय मरीज को आ रहा था रोज चक्कर

#### कॉडियोलॉजिस्ट डॉ कुंवर ने सफल इलाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल में पहली बार इपीएस और आरएफए कर मरीज की जान बचायी गयी। 60 वर्षीय मरीज को लगातार एक माह से हर दिन पीएसवीटी के एपिसोड हो रहे थे। उसे रोज चक्कर और आंखों के सामने अंधेरा छा जाता था। धड़कन बहुत तेजी से चलने लगता था। इस अटैक के कारण दो बार गिर भी गया था। घर से निकलने में भी डर लगता था कि कब चक्कर आ जाये। एक माह से दवाई लेने के बाद भी बीमारी ठीक नहीं हो पा रही थी। इस बीमारी को लेकर मरीज पारस हॉस्पिटल के कॉडियोलॉजिस्ट डॉ कुंवर अभिषेक आर्य से मुलाकात की और तकलीफ बतायी। इसीजी रिपोर्ट के बाद डॉ अभिषेक आर्य ने बताया कि अब इलाज इपीएस और आरएफए से होगा। इसके बाद मरीज का इपीएस किया गया, जिसमें एवीएनआरटी बीमारी पायी गयी। डॉ अभिषेक आर्य ने इपीएस और आरएफए कर मरीज को ठीक कर दिया। मरीज को अगले दिन डिस्चार्ज कर दिया गया।



## लापता तीन लड़कियों को ढूंढ़ नहीं पायी पुलिस

रांची (आजाद सिपाही)। गुमला और सिमडेगा पुलिस सालों से लापता तीन लड़कियों को अब तक नहीं खोज नहीं पायी। इसको लेकर चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने सीआइडी डीजी से शिकायत की थी, जिसके बाद सीआइडी ने गुमला और सिमडेगा जिले के एसपी को इस मामले की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। जो तीन लकड़ियां कई सालों से लापता है, उसमें गुमला की रहने वाली रंजीता केरकेट्टा, संजीता कुमारी और सिमडेगा जिला की रहने वाली विनीता एक्का शामिल है। चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने तीनों लड़कियों के लापता होने की शिकायत सीआइडी से की थी। बैजनाथ कुमार ने अपनी शिकायत में कहा था कि गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र की रहने वाली शकुंतला कुमारी ने साल 2019 में रंजीता केर-केट्टा नाम की लड़की को लक्ष्मण नायक नाम के व्यक्ति को बेच दिया था। इसके बावजूद प्रशासन ने उनको गिरफ्तार नहीं किया और ना ही आज तक लड़की को बरामद किया जा सका है। वहीं गुमला जिले के गुमला थाना क्षेत्र के जामटोली की रहने वाली संजीता कुमारी का अपहरण कर कहीं बेच दिया गया, जो अभी तक नहीं मिली है।

# अब पॉलिटिकल जिहाद से झारखंड को खतरा : प्रतुल

#### आलमगीर आलम के बांग्लादेश कनेक्शन की भी जांच हो

#### मंत्री के भाई ने बांग्लादेश में अरबों का कारोबार फैलाया है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शनिवार को झारखंड में पॉलिटिकल जिहाद को लेकर चिंता जतायी। मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में पिछले साढ़े चार साल से लव जिहाद और लैंड जिहाद का खतरा तो बढ़ा ही है, पॉलिटिकल जिहाद भी बड़ा खतरा बन रहा है। उन्होंने अपने स्तर से मिली सूचनाओं का हवाला देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के पिछले कुछ वर्षों में 206 पॉलिटिकल जिहाद के केस मिले हैं। इससे आशंका को बल मिल रहा कि राज्य में भोली भाली आदिवासी बेटियों, आदिम जनजाति की बहनों को बहला फुसला कर मुसलमान उनसे शादी कर रहे हैं। यह शादी भी पहली नहीं, बल्कि दूसरी, तीसरी होती है। शादी के बाद उनकी जमीन तो ले ही ली जा रही, पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक में आदिवासी महिलाओं को आगे कर दिया जाता है। कई जगहों पर तो ऐसा करने वाले पॉलिटिकल जिहाद में सफल भी हो गये हैं। उनकी पत्नी मुखिया, जिला परिषद सदस्य तक बन चुकी है। इसके जरिये वे स्थानीय निकायों में अपनी पकड़ भी बनाने में सफल हो चुके हैं। सरकार इस पर चुप है। इस दौरान मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक, इरफान भी उपस्थित थे।



#### जहांगीर से नातेदारी और कमाई की भी हो जांच

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि आलमगीर आलम तो इडी की कस्टडी में आ चुके हैं। उनके सगे भाई जहांगीर आलम के साथ उनके कारोबार की भी जांच इडी करे। 1990 के दशक में जब आलमगीर की सियासत शुरू हुई, जहांगीर बांग्लादेश शिफ्ट हो गये। आज उनका दवाओं और दूसरे बिजनेस का अरबों का कारोबार है। जीरो से इस स्तर पर पहुंचने में आलमगीर ने कैसे मदद की, यह भी जांच हो तो दूध का दूध, पानी का पानी हो जायेगा।


## FORMAT C-1

(For candidate to publish in newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

**(As per the jugdement dated 25th September,2018, of Hon'ble Supreme Court In Wp (civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union Of India & Anr.)**

Name and address of Candidate : **HARINATH SAHU**

**RESIDENT : VILL+POST- SUKURHUTU P.S.-KANKE, DIST- RANCHI-834006, JHARKHAND**

*Name of the political party : **LOKHHIT ADHIKAR PARTY**

*Name of the Election : **GENERAL ELECTION OF LOKSABHA 2024**

* Name of the Constituency - **08-RANCHI**

I **HARINATH SAHU**, a candidate for the above mentioned election declare for public information the following details about my criminal antecedents

(A) Pending Criminal Cases

| SI. No. | NAME OF COURT | CASE NO. AND DATED | STATUS OF CASES(S) | SECTIONS OF ACTS CONCERNED AND BRIEF DESCRIPTION OFFENCE(S) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | SRI SARTHAK SHARMA JMFC SPI. MP-MLA CASES | KANKE P.S. FIR NO-141/2021 | CHARGES FRAMED YES DATED:- 29.04.2023 | OFFENCE U/S SEC. - 188, 269, 270 OF IPC & 51,03DISATER MANAGEMENT ACT (PROTESTED AGAINST STATE GOVT.) |

(B) Details about cases of conviction of criminal offences

| SI. No. | NAME OF COURT & DATE(S) OF ORDER(S) | DESCRIPTION OF OFFENCE(S) & PUNISHMENT IMPOSED | MAXIMUM IMPOSED |
|---|---|---|---|
| N.A. | N.A. | N.A. | N.A. |

Sd./-
Harinath Sahu

## FORMAT C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25 September. 2018 of hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 211 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

*Name of the Election: **PARLIAMENTARY GENERAL ELECTION 2024**

Name of State/UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2 | 3 | 4 | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SL. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name Of Court. Case No. & Status Of the Case(s) | Sections of the Acts concerned & Brief Description of offence(s) | Name Of Court & Date(s) Of Order(s) | Description Of Offence(s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 02, Dumka | NALIN SOREN | Learned Special Judge, Vigilance-cum-A.C.B., Ranchi. Special Case No. 15A of 2009. Charge Not Framed | 406, 409, 423, 424, 420, 465, 468, 467, 471 & 477A, 109, 201, and 120B IPC | N/A | N/A | N/A |
| 2 | | | Learned Special Judge, Vigilance-cum-A.C.B., Ranchi. Special Case No. 13 of 2013. Charge Not Framed | 420, 467, 468, 471 and 120B IPC | N/A | N/A | N/A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention The election concerned in place of name of constituency.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.3 °c | 26.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.25 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.05 बजे |



## टेंडर घोटाला : आलमगीर से पूछताछ और डिजिटल डिवाइस से हो रहा खुलासा

# इडी को मिले कमीशनखोरी के तथ्य

**संजीवलाल और जहांगीर की रिमांड अवधि तीन दिन और बढ़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग व टेंडर कमीशन घोटाले में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव कुमार लाल और उसके निजी सहायक जहांगीर की रिमांड अवधि समाप्त होने की वजह से इडी ने इन्हें शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद संजीव लाल और जहांगीर की रिमांड अवधि और तीन दिनों के लिए बढ़ा दी। इडी की ओर से दायर रिमांड पिटीशन में यह कहा गया था कि आलमगीर आलम से पूछताछ जारी है। उनके बयान और अन्य अभियुक्तों के डिजिटल डिवाइस से मिले आंकड़ों से कमीशनखोरी से जुड़े नये तथ्यों की जानकारी मिल रही है।



**संजीव लाल और जहांगीर के डिजिटल डिवाइस से मिली नयी जानकारियां :** इसके अलावा संजीव लाल और जहांगीर के डिजिटल डिवाइस से भी कुछ नयी जानकारियां मिली हैं। विभाग में जारी कमीशनखोरी को इन नये तथ्यों से जोड़ कर देखना जरूरी है। संजीव लाल और जहांगीर आलम सही-सही जानकारी नहीं दे रहे हैं। वे सूचनाओं को छिपा कर मामले को दिग्भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि इस बात को जानना जरूरी है कि अर्थव्यवस्था में इन लोगों द्वारा कितना काला धन शामिल किया गया है। रिमांड पिटीशन में कहा गया कि संजीव लाल द्वारा मंत्री के लिए कमीशन वसूली जाती थी।

**कमीशन की रकम को रखा जाता था जहांगीर के घर पर :** कमीशन की इस रकम को जहांगीर के घर पर रखा जाता था। जहांगीर के घर से बरामद 32.20 करोड़ रुपये मंत्री आलमगीर आलम के ही हैं। मनी लाउंड्रिंग में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए अभियुक्तों से अभी और पूछताछ की जरूरत है। इस कारण दोनों को रिमांड पर दिया जाये। वहीं संजीव लाल के वकील ने इडी की रिमांड पिटीशन का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि संजीव लाल जांच में पूरी तरह सहयोग कर रहे हैं। इडी के सवालों का जवाब भी दे रहे हैं। रिमांड पर लेकर उनसे काफी पूछताछ की जा चुकी है। इस कारण और रिमांड पर देने की जरूरत नहीं है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद दोनों की रिमांड अवधि बढ़ा दी।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### रिमांड खत्म होने के बाद इरशाद तापस और संजीत भेजे गये जेल

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में रिमांड अवधि समाप्त हो जाने के बाद इडी ने हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर सहित तापस घोष और संजीत कुमार को पीएमएलए की विशेष अदालत में पेश किया। पेशी के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया। तापस घोष और संजीत कुमार रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कोलकाता के कर्मी हैं। इडी ने इन तीनों को 9 मई को गिरफ्तार किया था। जमीन घोटाला मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ और दस्तावेजों की छानबीन के बाद इन तीनों की गिरफ्तारी हुई है। हजारीबाग के मुंशी डीड राइटर इरशाद मूल दस्तावेज में हेराफेरी कर फर्जी डीड तैयार करता था। वहीं द रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कार्यालय कोलकाता के कर्मी तापस घोष पर कार्यालय से जमीन के मूल दस्तावेज को गायब करने का आरोप है, जबकि संजीत कुमार पर भी कार्यालय से डीड गायब करने का आरोप है। इडी ने इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत 11 आरोपियों की गिरफ्तारी की है।

### संत जेवियर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। संत जेवियर कॉलेज में हिंदी विभाग एवं हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय था- आधुनिक हिंदी काव्य में राष्ट्रीय चेतना। स्वागत वक्तव्य संत जेवियर महाविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश पांडेय द्वारा दिया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर पांडेय ने की। अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने राष्ट्र के विकास में तन, मन, धन के समर्पण की बात की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा, बिहार के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह कश्यप थे। उन्होंने आधुनिक हिंदी काव्य में राष्ट्रीय चेतना पर विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीयता के वृहद् अर्थ को व्याख्यायित किया तथा देश की एकता और अखंडता को रेखांकित करते हुए कहा कि मनुष्य वही है जो अन्य मनुष्य के लिए प्राण तक अर्पित कर दे। संगोष्ठी में झारखंड के सम्मानित कवि डॉ. चंद्रिका ठाकुर देशदीप, डॉ. वासुदेव प्रसाद, डॉ ओमप्रकाश एवं डॉ. संजय कुमार की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका कोमल खलखो एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार भाटिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विधार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

### कोल्हान यूनिवर्सिटी की बीए पांचवें सेमेस्टर की इतिहास-मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित

रांची (आजाद सिपाही)। कोल्हान विश्वविद्यालय ने शनिवार को बीए पांचवें सेमेस्टर की इतिहास और मनोविज्ञान विषय की परीक्षा स्थगित कर दी। दोनों ही विषयों में पूछे गये प्रश्न सिलेबस के बाहर के थे। इसे लेकर सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने आपत्ति दर्ज करायी। इसके बाद केंद्राधीक्षकों ने विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग से संपर्क किया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन के आदेश पर दोनों ही विषयों की परीक्षा स्थगित कर दी गयी। परीक्षा नियंत्रक डॉ अजय कुमार चौधरी ने बताया कि प्रश्नपत्र सेट करने वाले समझ नहीं सके। इन दोनों विषयों की परीक्षा अब 31 मई को प्रथम पाली में होगी। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### कोकर में प्रखंड कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर जतरा टांड़ कोकर में प्रखंड कांग्रेस कार्यालय खोला गया। जिसका उद्घाटन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंचल चटर्जी के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रुप से रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष कौशल कुमार, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमेन राजू राम, उपचेयरमैन सूरज कुमार पासवान, ओ बी सी के उपाध्यक्ष संतोष महतो, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान, बंटी राज संजय कुमार राम, अमित कुमार चौरसिया, सम्राट चटर्जी, बाबला राम, संजय तिर्की, इसमिरिती नाग तिर्की गनेश पासवान, राजन पासवान, दीपक राम, सोनू कुमार सोनी, महेश कुमार यादव, मीना देवी, प्रीति सांगा, सिंटू, समाज अंसारी आदि प्रकाश कांग्रेस का कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे।

## श्रीराम पर इरफान की सियासत से बाबूलाल खफा, लगायी लताड़

**बाबूलाल ने एक्स के जरिए इरफान से कहा है कि उन्हें भगवान राम नकली नजर आते हैं और चोर-उचक्कों में राम नजर आते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के लिए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन राम हैं। हेमंत की पत्नी कल्पना दुर्गा। लगातार वे खुद को राम का हनुमान बताते रहे हैं। अभी जारी लोकसभा चुनाव के दौरान फिर उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी भावना साझा की है। इस पर पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने भी उन्हें लताड़ लगायी है। इरफान पर धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाया है।

### चोर-उचक्कों में राम नजर आते हैं इरफान को

बाबूलाल ने एक्स के जरिए इरफान से कहा है कि उन्हें भगवान राम नकली नजर आते हैं



और चोर-उचक्कों में राम नजर आते हैं। आपके पैसे के लालच में, आपके ही राजनीतिक सहयोगी के माध्यम से भइया-भाभी ने 2 कांग्रेस विधायकों के साथ आपको बंगाल में पकड़वाया। दीदी के जरिये उल्टा लटकवा कर पिटवाया, जेल भिजवाया और राज्य में कांग्रेस की लूटिया डूबोकर नाक कटवा दी। सवाल करते हुए बाबूलाल ने कहा है कि तब इनके प्रति आपका जो नजरिया था, अब भी वही है या कुर्सी की लालच में बदल गया? ताकि एक बार कुर्सी मिल जाये तब फिर भैया-दीदी से अपमान और यातना का बदला चुकायें। इरफान से बाबूलाल ने शर्म करने के साथ कहा है कि आपने तो मंत्री पद के चक्कर और लालच में आत्मसम्मान को भी गिरवी रख दिया। अपनी लालसा पूरी करने के लिए झारखंड में धार्मिक उन्माद फैलाने के आपके नापाक मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। कहीं ये दांव भी आपको उल्टा नहीं पड़ जाये?

भानु प्रताप शाही ने इरफान से नाराजगी जाहिर करते कहा है कि अब इरफान मियां बतायेंगे कौन असली, कौन नकली कौन? खबरदार अगर उनके भगवान को किसी लुटेरा से तुलना किये तो ठीक नहीं होगा मियां।

## इरफान अंसारी के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**इरफान अंसारी को चुनाव प्रचार से दूर करने का किया आग्रह**

**इरफान अंसारी के खिलाफ प्रथिमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंच कर जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया है कि नकली राम भक्तों ने मेरे असली राम को जेल में बंद कर दिया। मेरी भाभी सीता मां दुर्गा की अवतार @ बीजेपी झारखंड को जलाकर भस्म कर देगी। साथ में उनका हनुमान कदम से कदम मिलाकर रावण की लंका को जला कर राख कर दूंगा। लोगों से अपील किया कि सीता मां के एक-एक आंसू का बदला लें। इस प्रकार का बयान को पोस्ट करने से सनातन धर्म को मानने वालों लोगों को घोर धार्मिक आघात पहुंचा है और साथ ही सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने का हर संभव प्रयास किया गया है। तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा एवं अधिवक्ता बिपिन कुमार ने यह भी मांग किया है कि जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के विरुद्ध कानूनी करवाई हो एवं उन्हें तत्काल प्रभाव से चुनाव प्रचार से दूर रहने का आदेश दिया जाये।

### पीएम की सभा को सफल बनाने का आह्वान

रांची (आजाद सिपाही)। छत्तीसगढ़ के पूर्व भाजपा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रधानमंत्री की आमसभा को सफल बनाने का आह्वान किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कहा कि इसमें अधिक से अधिक लोग पहुंचे।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार, भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान।
- **वृष** – कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी। संकल्पित काम पूरे होंगे भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी।
- **मिथुन** – परिश्रम-प्रयास से रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** – अनायास काम बनेंगे।आर्थिक स्थिति सुधरेगी, मान-सम्मान मिलेगा। नये लोगों से सम्पर्क,महिला मित्र के माध्यम से लाभ।
- **सिंह** – आज का दिन काफी अच्छा तथा प्रगतिवर्धक रहेगा। विपरीत स्थितियों में सुधार,सामयिक-सामाजिक विकास।
- **कन्या** – व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगी। कामकाज अच्छा चलेगा। धनागम के अवसर बढ़ेंगे।
- **तुला** – अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। नौकरी में स्थानांतरण अथवा अधिकारियों के साथ मतभेद होने की संभावना।
- **वृश्चिक** – संतान,परिवार तथा स्वजन मित्रों से सम्पर्क ठीक रहेगा,रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में सफलता।
- **धनु** – आज का दिन आपके लिए प्रगतिकारक रहेगा। निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।
- **मकर** – थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख,यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।
- **कुंभ** – अव्यवस्थित दिनचर्या,शारीरिक कष्ट,वाहन दुर्घटना भय,खर्च अधिक होगा।
- **मीन** – घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

## देवरानी कल्पना पर बरस पड़ीं सीता सोरेन, हेमंत को भी सुनाई खरी-खोटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** दुमका लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने बुधुडीह में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान वह आइएनडीआइए गठबंधन और गांडेय विधानसभा उपचुनाव की प्रत्याशी तथा अपनी देवरानी कल्पना सोरेन के विरुद्ध जम कर बरसीं।

### कल्पना सोरेन घड़ियाली आंसू बहा रहीं: सीता सोरेन

सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं और इधर गांडेय विधानसभा उपचुनाव में कल्पना सोरेन घड़ियाली आंसू बहा कर यहां की जनता को बरगला रही हैं। बिना मेहनत किये वह गांडेय की प्रत्याशी बन कर उप चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने लोगों से कोडरमा लोस प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के



प्रत्याशी दिलीप वर्मा को सहयोग करने की अपील की। कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार भ्रष्टाचार की सरकार है।

### केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश में विकास की गंगा बहा रही: सीता सोरेन

सीता सोरेन ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार पूरे देश में विकास की गंगा बहा रही है। केंद्र सरकार कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र सरकार महिलाओं के विकास को लेकर गंभीर है।

### झारखंड में अबुआ आवास में लूट मची है: सीता सोरेन

सीता सोरेन ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार में अबुआ आवास में लूट मची हुई है। झारखंड के मजदूर दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं और राज्य में सरकार लूट-खसोट की सरकार बन कर रह गयी है। इसके बाद उन्होंने पंदनिया, अहिल्यापुर मोड़ में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। मौके पर अहिल्यापुर मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी, पूर्व मेयर सुनील पासवान, सांसद प्रतिनिधि रघुनाथ यादव, संदीप वर्मा, छोटी वर्मा, प्रवीण चौधरी, राम जी मोदी आदि उपस्थित थे।

## इंडी गठबंधन संविधान बदलने का फैला रहा झूठा भ्रम : लाल सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा अनु जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या दो दिवसीय प्रवास पर रांची पहुंचे हैं। इस दौरान शनिवार को कोकर में प्रबुद्ध संवाद व चिरौंदी वृंदावन रांची में दलित संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से महानगर अध्यक्ष रामलगन राम ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज राम व कार्यक्रम के संचालन उपेंद्र रजक ने किया। दलित संवाद में लाल सिंह आर्या, कांके विधायक समरी लाल, जसपुर विधायक राजमुनी भगत, भाजपा कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, राष्ट्रीय मंत्री जीतू चरण राम मुख्य रूप से मौजूद थे। लाल सिंह आर्या ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान बदलने व आरक्षण खत्म करने का झूठा भ्रम फैला रहा है, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेत्तृत्व में संविधान व आरक्षण दोनो सुरक्षित है और जब तक नरेंद्र मोदी रहेंगे तब तक दोनो सुरक्षित रहेगा। लाल सिंह आर्या ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने दलित, गरिब, शोशित, बंचित को ध्यान में रखते है सैकड़ों जन कल्यानकारी योजनाएं चला रहें हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस आज तक दलितों को यूज एंड थ्रो के रूप में यूज किया है। उसने बाबा साहब को भी सम्मान में भेदभाव किया है लेकिन मोदी ने बाबा साहब डॉ बीआर अंबेडकर से जुड़े हर स्थल को सजाने संभालने का काम किया है। कर्यक्रम को राष्ट्रीय सदस्य निरज पासवान, सिता राम रवि, प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, उपेंद्र रजक, विनोद राजन व रंधिर रजक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खुदा राम, कमलेश राम, नीरज नायक, प्रो कमलेश, राकेश राम, योगेंद्र लाल, बिनोद राजन, रंधिर रजक, सागर, रेणुका, धर्मेंद्र राम सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ता पर हमला, कांग्रेस-जेएमएम के तुष्टिकरण राजनीति की है देन: आदित्य साहू

**बड़कागांव पुलिस से यथाशीघ्र कार्रवाई करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने बड़कागांव में भाजपा कार्यकर्ता पर हुए हमला के लिए कांग्रेस और जेएमएम को ज़िम्मेवार बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जेएमएम की तुष्टिकरण की राजनीति के



कारण एक खास तबके का मन बढ़ गया है। प्रदेश में बहुसंख्यक समाज पर हमला करने से एक खास तबका जरा भी कतराता नहीं है। इसका मुख्य कारण है एक तरफा कार्रवाई। उन्होंने कहा कि बड़कागांव मामले में भी भाजपा कार्यकर्ता पर हमला मनबढ़ू होने का ही प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बड़कागांव में भाजपा की बाइक रैली हो रही थी, इस क्रम में रैली के सबसे अंतिम पंक्ति में शामिल भाजपा के कार्यकर्ता को जिस प्रकार से रोककर पीटा गया है, वह तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हमला दिखता है।

## रामगढ़ के श्री वैष्णो मंदिर से मां ज्वाला देवी की ज्योति श्री राधा कृष्ण मंदिर लायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रामगढ़ के श्री वैष्णो मंदिर से लायी गयी मां ज्वाला देवी की ज्योति का ढोल नगाड़े एवं भजन कीर्तन से स्वागत किया गया। शनिवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड रांची में मंदिर कमेटी के चंद्रभान तलेजा, रामकृष्ण तलेजा और मनोहर लाल जसूजा चार पहिया वाहन से मां ज्वाला देवी की ज्योति लेकर रातू रोड स्थित मेट्रो गली चौक पहुंचे। जहां पहले से स्वागत में तैयार खड़े सैकड़ों श्रद्धालु ढोल नगाड़ों के साथ भजन कीर्तन करते हुए मां की ज्योति की अगुवाई करते हुए झंडा





चौक के रास्ते श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंचे। जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गयी। इसके उपरांत दुर्गा जागरण मंडली के द्वारा संध्या से 9.30 बजे तक मां का जागरण किया गया। तत्पश्चात मां की आरती स्तुति और अरदास के साथ कार्यक्रम की समाप्ति के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने जानकारी दी कि मां ज्वाला देवी से मां की अखंड ज्योति लेने के लिए 22 जून को मंदिर कमेटी के सदस्य रांची से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर के लिए रवाना होंगे और वहां से मां की अखंड ज्योति लेकर सड़क मार्ग से होते हुए 30 जून को राधा कृष्ण मंदिर पहुंचेंगे। इस दिन विशाल शोभा यात्रा द्वारा मां की अखंड ज्योत का स्वागत किया जायेगा और 7 जुलाई को मां की अखंड ज्योति श्री राधा कृष्ण मंदिर में स्थापित की जायेगी।

इस अवसर पर रामचंद्र तलेजा, चंद्रभान तलेजा, मनोहर लाल जसूजा, नंदकिशोर अरोड़ा, केसर पपनेजा, मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा, अरुण जसूजा, किशोरी पपनेजा, गौरीशंकर मादनपोत्रा, ललित किंगर, चंदन सिडाना, हरीश मनुजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# बेहतर नीति की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जिस बारीकी से रेखांकित किया, वह खास तौर पर ध्यान देने लायक है। हालांकि जिन अधिकारों की बात की गयी, वे अनुच्छेद 300 ए के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से जुड़े हैं, लेकिन कोर्ट की व्याख्या के बाद अब व्यवहार में वे प्रक्रियाएं कानून का हिस्सा हो गयी हैं।

**संपत्ति का अधिकार:** भले ही संपत्ति का अधिकार अब मूल अधिकारों में शामिल न हो, लेकिन यह आज भी एक संवैधानिक अधिकार है। कोर्ट ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान भी इस तथ्य को पर्याप्त अहमियत मिलनी चाहिए।

**प्रक्रिया का पालन :** कोर्ट के फैसले में जिन सात सब-राइट्स (उप-अधिकारों) की बात की गयी है, नोटिस पाने, सुने जाने, तर्कसंगत निर्णय जानने, अधिग्रहण के पीछे के सार्वजनिक हित से अवगत होने, उचित मुआवजा पाने, तय समय सीमा में अधिग्रहण प्रक्रिया कुशलता से निपटाये जाने और अंतिम निष्कर्ष मिलने- वे सभी तय कानूनी प्रक्रिया के मूल तत्व पहले से रहे हैं। लेकिन इस फैसले ने यह सुनिश्चित किया कि अगर अधिग्रहण के दौरान इनमें से किसी का भी उल्लंघन होता है तो अधिग्रहण अवैध हो जायेगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण को लेकर एक अहम फैसला दिया है। अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को संपत्ति के अधिकार से वंचित करने से पहले उचित प्रक्रिया स्थापित नहीं की गयी या उसका पालन नहीं किया गया, तो निजी संपत्तियों का अनिवार्य अधिग्रहण असंवैधानिक होगा।**

**संवेदनशील मसला :** देश में भूमि अधिग्रहण एक संवेदनशील मसला रहा है। लैंड एक्विजिशन, रीहैबिलिटेशन एंड रीसेट्लमेंट (एलएआरआर) एक्ट 2013 लाये जाने के समय भी इस मसले पर काफी बहस हुई थी। बाद में इसमें संशोधन के प्रयास भी हुए, जो मंजिल तक नहीं पहुंचे। अब भी देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग रूपों में भूमि अधिग्रहण से जुड़े मसले उठते रहते हैं।

**राजनीतिक दल खामोश :** शायद इसकी संवेदनशीलता की ही वजह से राजनीतिक दल इस पर खुलकर कुछ कहने से बचते हैं। मौजूदा चुनावी माहौल में प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणापत्र देखें, तो वहां भी कोई स्पष्ट बात इस सिलसिले में नजर नहीं आती।

**सुसंगत नीति की जरूरत :** ध्यान रहे, भूमि अधिग्रहण का एकमात्र पहलू किसानों या भूस्वामियों का हित नहीं है। इन हितों की रक्षा हर हाल में होनी चाहिए, लेकिन यह भी समझना होगा कि अगर इकोनॉमी को आगे बढ़ाना है, देश में उद्योग-धंधे लगाने हैं, नये-नये प्रॉजेक्ट लाने हैं और बड़े पैमाने पर रोजगार का इंतजाम करना है, तो भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आसान बनाना जरूरी है। ऐसे में भूमि अधिग्रहण की व्यापक, सुसंगत और संपूर्ण नीति वक्त की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दावा किया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है।**

# झूठे वायदों और दावों से चुनाव को बचाना जरूरी

ललित सिंह

**लोकसभा** चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं। पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरा होने के बाद विपक्षी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनायेगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेजी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे हैं, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है। देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पर्दाफाश पहले ही हो गया है। आप ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन

**यह देखना बाकी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा।**



लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया, लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआइ कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किये उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडंबना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतुके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरुआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के पांच किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव जरूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से गरीबी नहीं हटी, क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम गरीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हकीकत का। हालांकि यह देखना बाकी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में दावा किया कि विपक्षी गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिश्योक्तिपूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिए आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है।

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो वायदें किये, उन्हें पूरा किया। 1990 के दशक और 21वीं शताब्दी के शुरूआती सालों में भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने के वादे के साथ सत्ता में आयी एवं उसने मंदिर बना दिया। भाजपा ने खुद को पार्टी विद डिफरेंस कहकर भी प्रचारित किया और जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का वादा भी किया। उसने वह भी पूरा किया। पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है, उसे देश एवं दुनिया खुली आंखों से देख रही है। फिर भी चुनाव का समय मतदाताओं के जागने एवं विवेक से अपना मतदान करने की अपेक्षा करता है। लोकतंत्र में मतदाताओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे चुनाव के अवसर पर राजनीतिक दलों की परख करें। झूठों एवं दुष्टों की एकजुटता ही जगत में कष्टों की वजह है एवं लोकतंत्र को कमजोर करने का बड़ा कारण है। जब तक ईमानदार एकजुट नहीं होंगे, तब तक जगत की कोई समस्या हल नहीं होगी। और ईमानदारों का एकजुट न होना दुष्टों एवं झूठों का असली बल है। कभी-कभी ऊंचा उठने, सत्ता पाने और भौतिक उपलब्धियों की महत्वाकांक्षा राष्ट्र को यह सोचने-समझने का मौका ही नहीं देती कि कुछ पाने के लिए उसने कितना खो दिया? और जब यह सोचने का मौका मिलता है तब पता चलता है कि वक्त बहुत आगे निकल गया और तब राष्ट्र अनिर्णय के ऊहापोह में दिग्भ्रमित हो जाता है। इस चुनाव को इस विडंबना से बचाना है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# मउभंडार की खदान वर्षों से बंद , श्रमिकों के साथ उनके परिवार के लोग दाने-दाने को मोहताज : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के समर्थन में लगातार क्षेत्र में दौरा कर रहे है। शनिवार को उन्होंने प्रचार प्रसार के दौरान आम लोगो से मिलकर तीर कमान पर 3 नंबर बॉटम दबाकर झामुमो प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती को जिताने का संदेश दे रहे है। वही केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा 19 मई भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मउभंडार (घाटशिला) आ रहे हैं। नरेंद्र मोदी जी 2014 में पहली बार इस देश में प्रधानमंत्री बने। बीते 10 वर्ष बीतने के बाद प्रधानमंत्री पद के अंतिम दौर में झारखण्ड आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रविवार को जहां आ रहे हैं वहां देश का सबसे बड़ा



ताम्र सम्पदा है। मउभण्डार व अगल बगल में देश के प्रतिष्ठित हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के कॉपर राखा तांबा खान, सुरदा तांबा खान, मुसाबनी तांबा खान चलता है। केंद्र में सरकार में आने के बाद तीनों खान आपके नितियों के कारण बंद है। हजारों श्रमिकों के साथ उनके हजारों हजार परिवार के लोग दाने-दाने को मोहताज हैं। साथ ही आप को यह भी याद होगा। आपके तत्कालिन खान मंत्री नरेंद्र तोमर आपके हवाले से कहते रहे पुनः खानों को चालु किया जायेगा। बीते 10 वर्षों से यहां के सांसद रहे जो आज आपके प्रत्याशी भी हैं। बार-बार झुठ बोलते रहे हम उत्पादन शुरू करेंगे। आप ही के भाषा का जुमला रट कर सांसद बोलते रहे। लेकिन आज तक कोई भी खदान चालु नहीं हुआ। उन्होंने कहा क्या आपको तांबा खान के इन श्रमिकों के घाव पर नमक और मिर्च छिड़क कर उनके आह से शान्ति मिलेगी? उन्होंने कहा आपको यह भी बता दें आपके तत्कालिन मुख्यमंत्री रघुवर दास जिन्होंने आज उड़िसा के माननीय राज्यपाल हैं और आपके सांसद ने 2014 में धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट के निर्माण के लिए भूमिपूजन किये व शिलापट्ट लगाए। लेकिन आज तक एक भी ईंट नहीं जोड़ा गया। आप किसलिए आ रहे हैं क्या आपकी 10 वर्षों की विफलताओं से लोग और आक्रोशित हों। तो आपका बहुत-बहुत आभार और स्वागत है। उन्होंने कहा जमशेदपुर में बीते 10 वर्षों से भाजपा के सांसद रहे उन्होंने कोई ऐसा काम किया हो, जिसकी आप चर्चा कर पाएंगे। उन्होंने कहा गालुडीह स्टेशन में जहां पूर्व में इस्पात मेल रूकता था। वह 10 वर्षों से परिचालन क्यों नहीं हो रहा है? आपके सांसद बार-बार कहते रहे टाटानगर से बिहार के सहरसा और टाटानगर से जयनगर भाया दरभंगा ट्रेन का परिचालन शुरू होगा। वह भी आज टाटानगर जक्शन से आगे नहीं बढ़ पाया। 10 वर्षों से झुठ और भ्रम फैला कर श्रमिकों, किसानों को उसके दुर्गति पर छोड़ कर केवल और केवल समाज में विद्वेश और टकराव करा कर शांति भंग करना ही यहां कि नियती बन चुकि है। प्रधानमंत्री जी बाज आएं और मउभंडार में आपकी विफलता के लिए प्रायश्चित करें। अन्यथा लोकतंत्र के इस महापर्व में 25 मई को जमशेदपुर के प्रबुद्ध मतदाता आपको अपने निर्णय से अवगत करवा देगी।

# मजदूरों के हक और अधिकार के लिए झामुमो ने हमेशा संघर्ष किया और आगे भी करेगा : महाबीर मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झामुमो नेता महावीर मुर्मू व जमशेदपुर नगर अध्यक्ष दल गोविंद लोहारा के नेतृत्व में बमार्माइंस टिस्को गेट के समक्ष मजदूर साथियों के बीच में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। शनिवार को उन्होंने अभियान के दौरान मजदूर साथियों के बीच पर्ची का वितरण कर 3 नंबर में बटन दबाकर तीर धनुष छाप पर वोट देने की अपील की। मौके पर महाबीर मुर्मू ने कहा लौहनगरी जमशेदपुर मजदूरों का शहर है। जब भी मजदूरों के साथ अन्याय और शोषण हुआ। झारखंड मुक्ति मोर्चा ही कंपनी प्रबंधन से लड़कर हक और अधिकार दिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो मजदूर का वेतन में वृद्धि सहित अन्य सुविधा के विशेष प्रस्ताव लागू किया जाएगा। इस अवसर पर झामुमो नेता मिथुन चक्रवर्ती, सूरज गौड़, अभिषेक सिंह, मनोज तांती, रॉकी सिंह, राजू मुखी, मनोज शर्मा,अमरीक सिंह, श्रीहरि नाथ पंडित, मोहमद अलाउद्दीन, मोहमद जाकिर हुसैन, नितिन हांसदा, राकेश चक्रवर्ती, विक्की मार्डी सहित सैकड़ो झामुमो नेता शामिल रहे।



# बजरंग शॉर्ट पिच नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ,फाइनल आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** मां तारा इंटरप्राइजेज के द्वारा दो दिवसीय बजरंग शॉर्ट पिच नाइट क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। शनिवार को शिव मंदिर दुर्गा पूजा मैदान में टूनामेंट का शुभारंभ किया गया। क्रिकेट टूनामेंट में 16 टीमो ने भाग लिया। सेमीफाइनल व फाइनल टूर्नामेंट रविवार को खेला जायेगा। मौके पर मुख्य अतिथि देवा, आयोजक कर्ता विशाल, हर्षित, ऋषभ व सन्नी शामिल रहे। टूनामेंट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7 हजार, द्वितीय पुरस्कार 4 हजार के साथ बेस्ट बैट्समैन व बॉलर को सम्मानित किया जाएगा। नाईट मैच का



# दलितों की बात करने वाली झारखंड सरकार जवाब दे उनके मंत्रिमंडल में एक भी दलित मंत्री क्यों नहीं : अमर बाउरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के प्रधान चुनाव कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी के विधायक अमर कुमार बाउरी ने इंडी अलायंस के खिलाफ हमला बोला। शनिवार को उन्होंने कहा कि लोगसभा चनाव में इस बार भ्रष्टाचार,वंशवाद व तुष्टिकरण का आखिरी चुनाव है। इंडिया गठबंधन के द्वारा समाज में भ्रम फैलाया जाता है भारतीय जनता पार्टी की सरकार से संविधान को खतरा है।ये संविधान बदल देगी। हां हमने संविधान बदला है जम्मू और कश्मीर में। धारा 370 में बदलाव कर 75 सालों बाद वहां के लोगों को हक दिलाएं है। आज वहां के लोग खुश है। श्री बाउरी कहा चुनाव अपने उफान पर है। रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी घाटशिला के मऊभंडार में सभा को संबोधित करेंगे। जिसमें सभी सादर आमंत्रित है। विगत सभाओं में, जिस तरह से मोदी जी के लिए झारखंडियों का स्नेह उमड़ा है उससे पिक्चर पूरा साफ हो गया है। उन्होंने कहा झारखंड में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा है। मंत्री आलमगीर आलम ईडी के गिरफ्त में है। नोटो का बंडल, जिस तरह से पकड़ा गया उससे एक बार फिर झारखंड शर्मशार हुआ है। उन्होंने कहा झांरखण्ड सरकार में दलितों को सिर्फ अपमानित किया गया है। बैधनाथ राम इसके ताजा उदाहरण है। जुगसलाई में भी सुरक्षित सीट से झामुमो का विधायक है उनसे कांग्रेस, झामुमो और आरजेडी के लोगों को पूछना चाहिए कैबिनेट में एक भी दलित को प्रतिनिधित्व क्यों नहीं मिला? आलमगीर आलम के गिरफ्तारी मामले पर उन्होंने कहा कि पूरा देश इनका चाल और चरित्र देख लिया है। कमीशनखोरी का पैसा किस-किस में बंटता था और कौन-कौन इसमें शामिल है यदि सही से जांच हुआ तो पूर्वी सिंहभूम में भी तार जुड़े होने का प्रमाण मिलेगा। झारखंड के लोग यह जानना भी चाहते हैं टेंडर के खेल में कौन - कौन शामिल है। मौके पर संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह, मीडिया प्रबंधन विभाग के अनिल मोदी और प्रेम झा मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 मई, 2024
www.azadsipahi.in
07

# पीएम मोदी की गारंटी पर पूरा देश कर रहा विश्वास : रामचंद्र

- पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह मझिआंव विधायक ने कोडरमा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान
- चंद्रवंशी समाज के साथ बैठक कर जनसभा को भी किया संबोधित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह मझिआंव विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कोडरमा लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष मे अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने कोडरमा लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशी के साथ जनसंपर्क अभियान में शामिल हुये। लोगों से कमल फूल छाप पर बटन दबाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कई प्रादेशिक नेताओं के साथ जनसभा को भी संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने चंद्रवंशी समाज के लोगों के साथ बैठक कर, उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु प्रेरित किया, साथ ही साथ कोडरमा के गोमो, महावीर मुंहला, नगर खड़ा, डोमो चर्च सहित कई जगह प्रचार प्रसार किया।

श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरा देश विश्वास कर रहा है, इसलिए इस बार भाजपा गठबंधन चार सौ पार करके रहेगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी भारी अंतर के साथ चुनाव जीत रही हैं। मौके पर विधायक नीरा यादव सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एएनएम पर लगा इलाज के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप

**पक्ष में :** इस मामले में सीएस अशोक कुमार गढ़वा ने कहा कि एएनएम का शिकायत दूरभाष पर लोगों ने दिया है। इसकी जांच करते हुए उक्त एएनएम से स्पष्टीकरण की मांग किया जायेगा। स्पष्टीकरण संतोष जनक नहीं रहने पर कार्रवाई की जायेगी।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आक्रोशित 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, मुखिया पति शिवकुमार यादव और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** शनिवार को 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने अरंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इसी क्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने बताया अरंगी, तोरेलावा तथा सेमरवा के प्रवेज अंसारी, जलीलअली अंसारी, कुर्बान अंसारी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अरंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम सविता कुमारी तथा पति कमलेश प्रसाद पर इलाज करने के एवज में फोन पे से पैसा लेने का आरोप लगाकर आवेदन दिया था।

ग्रामीण अकसर बताते थे कि अरंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम सविता कुमारी ने जच्चा बच्चा कार्ड, टीकाकरण, दवा और प्रसव कराने के बदले तीन से चार हजार रुपये बतौर रिश्वत ले रही है।

शनिवार को मैं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरंगी पहुंचकर मामले का जांच किया। जांच में एएनएम सविता कुमारी जच्चा बच्चा कार्ड बनाने, टीकाकरण, दवा और प्रसव के बदले तीन से चार हजार रुपये पति कमलेश प्रसाद के फोन पे से ली है। जो सरासर गलत है। इसकी जानकारी भवनाथपुर चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास तथा गढ़वा सीएस अशोक कुमार को दे दिया हूं। साथ ही बताया जल्द गढ़वा उपायुक्त तथा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

वहीं उपस्थित प्रवेज अंसारी ने बताया जब-जब बच्चों तथा पत्नी को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए हैं तब तब एएनएम सविता कुमारी पैसा ली है। पैसा एएनएम के पति कमलेश प्रसाद के फोन पे में दिये है।

राजकरण राम ने बताया कुछ दिन पूर्व 12 बजे रात को गांव के ही विंध्याचल राम के पतोहू को डिलेवरी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए थे। रात में दरवाजा खोलवाने लगे तो एएनएम सविता कुमारी दरवाजा नहीं खोली और बोली पहले का एक हजार रुपये बकाया है। अभी तक तुमलोग नही दिए हो इलाज नहीं करेंगे। इसे लेकर बाहर चले जाओ। बाद में उस महिला को बाहर लेकर गये। एक महिला सरोजा देवी ने बताया बेटी का तबियत खराब था इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरंगी लेकर आये एएनएम सविता कुमारी इलाज के बाद 5 रुपये ली। स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर दूसरा बार लेकर आये, तो एक हजार रूपये ली। स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ तो अंत में श्रीवंशीधर ले करके गये। वहां इलाज से ठीक हुआ। दर्जनों ग्रामीणों ने उपायुक्त तथा सीएस से ऐसे एएनएम सविता कुमारी तथा उसके पति कमलेश प्रसाद पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में एएनएम सविता कुमारी कुछ भी बोलने से बचती रही।

इस दौरान मुखिया पति शिवकुमार यादव, श्याम सुंदर राम, लियाकत अंसारी, विनोद राम, धर्मेंद्र गौतम सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थी।

## गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सात छात्रों को हैदराबाद के शापुर जी पालन कंपनी में मिली नौकरी



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सात छात्रों को हैदराबाद के शापुर जी पालन कंपनी में नौकरी मुहैया करायी है। गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण और इलेक्ट्रीशियन सेट अप का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एरिया मैनेजर पदाधिकारी अंशू सोनी, दीपक कुमार प्राचार्य बृजकिशोर ने नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर एरिया मैनेजर अंशु सोनी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवक जो कम पढ़े लिखें है, उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है। कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर ने बताया कि यह 40वां बैच है, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर बाहर जा रहे हैं, अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1214 छात्र दूसरे राज्य में काम कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी कल्याण गुरुकुल से जुड़ने की अपील की और कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवक प्रशिक्षित होंगे, तो बेरोजगारी कम होगी। कहा कि इलेक्ट्रीशियन सेटअप का उद्घाटन हो चुका है, जो भी एडमिशन लेना चाहते हैं। 20 मई तक एडमिशन ले सकते हैं। इस मौके पर ट्रेनर रमेश उरांव, सिंटु , मृत्युंजय पाठक, राकेश, अमित, नसरीन बानो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मोबाइल सॉल्यूशन की टीम बनी विजेता



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के अहिपुरवा शनि देव मंदिर के प्रांगण में श्री शनि देव धर्मार्थ आश्रम वॉलीबॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच मोबाइल सॉल्यूशन की टीम ने 2-1 की सेट से जीत कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। वहीं भवनाथपुर बनसानी की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वॉलीबॉल के नेशनल कोच अरुण तिवारी और फुटबॉल संघ के पूर्व सचिव जियाउद्दीन अंसारी ने विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड कप व मेडल देकर सम्मानित किया। साथ ही विजेता टीम मोबाइल सॉल्यूशन को 5100 और उपविजेता टीम वनसानी को 2100 रूपये की नगद राशि दी। मौके पर मुख्य अतिथि अरुण तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्सवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। मौके पर शिक्षक कमलेश पांडे, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष पासवान, निर्णायक आशुतोष सिंह बोलबम, गुलाब पासवान, अशोक, अनुराग गिरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया



भवनाथपुर । सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर बाजार में शनिवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव राम सुरेश राम, संरक्षक बबन कुमार साह, सदस्य अमरेंद्र कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य जयंत कुमार और कार्यक्रम के सभापती सह वरिष्ठ अभिभावक जमुना राम ने सरस्वती माता, ओम और भारत माता के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ किया। प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने भैया बहनों के विकास हेतु अभिभावक गोष्ठी की भूमिका को विस्तार पूर्वक रखते हुए कहा कि भैया बहनों के विकास हेतु अभिभावक, भैया बहन और आचार्य तीनो कड़ी में कोई कड़ी कमजोर पड़ जाने से विकास में बाधा होती है। इस अवसर पर विद्यालय कि आचार्य अशोक कुमार, नीतू गुप्ता, अरुण कुमार, रीता चौबे, रामकेवल साह, इंद्रजीत गुप्ता, अनुज कुमार, प्रीति शर्मा, रामेश कुमार, निशांक कुमार, मुछेंद्र कुमार, सुभद्रा देवी, उपस्थित थे।

## सुंडीपुर में आग लगने से पांच घर जल कर राख

कांडी। थाना क्षेत्र के सुंडीपुर गांव में अगलगी की एक घटना में पांच व्यक्ति का घर जल कर राख हो गया। आग कैसे लगी कारण अज्ञात है। इस अगलगी की घटना में गौतम शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, सुभाष शर्मा, कुणाल शर्मा व संतोष शर्मा सभी पिता प्रभु दयाल ठाकुर का घर जलकर राख हो गया। इस घटना में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने लगभग आधा दर्जन बिजली मोटर चलाकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवार ने बताया कि इस घटना में घर में रखे 4 लाख का गहना, कपड़ा, अनाज, ट्रंक बक्सा, खपड़ा बांस लकड़ी सहित लगभग 10 लाख की संपत्ति जल कर राख हो गया। पीड़ित ने अंचल कार्यालय व थाना को आवेदन देकर नुकसान का जांच कर उचित मुआवजा की मांग की है। गड़ा खुर्द पंचायत मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिलकर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया। उधर जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने भी पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग प्रशासन से किया है। घटना की सूचना पाकर सीओ मोहम्मद आफताब आलम ने राजस्व कर्मचारी गणेश चौधरी को घटना स्थल पर भेज कर नुकसान का आकलन किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत उचित मुआवजा मिलेगा।

### गनियारीकला से मीरचइया पथ निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग करने के खिलाफ ग्रामीणों ने किया हंगामा

# संवेदक और मुंशी पर दादागिरी करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गनियारीकला पंचायत से लेकर मीरचइया गांव तक मुख्यमंत्री सड़क योजना से नव निर्माण हो रहे कालीकरण मे ठेकेदार के द्वारा घटिया पत्थर व निम्न स्तर का गिटी सीमेंट मैटेरियल का प्रयोग होता देखकर ग्रामीणों ने शनिवार को जमकर हंगामा किया है। सड़क निर्माण करा रहे ठेकेदार के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने गनियारीकला पंचायत अंतर्गत डारी टोला में जमकर हंगामा करते हुए ठेकेदार और मुंशी का भी विरोध किया है। स्थानीय ग्रामीण लक्ष्मण सिंह, मनीष तुरिया, असगर अंसारी, रामचंद्र सिंह देवराज सिंह, विफे सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए ठेकेदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई व कार्य करा रहे मुंशी की दादागिरी से क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने मुंशी पर दादागिरी करने का भी आरोप लगाया है। उपरोक्त ग्रामीणों ने कहा कि गनियारीकला गांव आदिवासी बाहुल्य है, वहीं आजादी के बाद इस सड़क का पहलीबार कालीकरण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए कहा कि इस सड़क पर सबसे पहले सुद्दढ़ीकरण करने के बाद कालीकरण करना है, लेकिन ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुए जैसे-तैसे बिना चौड़ाई के और बिना मिट्टी डाले काम करा रहा है। वहीं जब इसका विरोध किया जाता है, तब ठेकेदार और मुंशी दादागिरी पर उतारू होकर ग्रामीणों को डराने धमकाने की बात कहते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त सड़क निर्माण में सीर्फ जहां-तहां मनमानी तरीके से मिट्टी डाले दो महिने से अधिक समय हो चुका है, और गार्डवाल निर्माण में घटिया सीमेंट पत्थर और गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा की बरसात आने में अब गिने चुने दिन बचे हैं। अगर बरसात से पहले सड़क का कालीकरण नहीं होगा, तब बरसात में यह सड़क पुरी तरह से अवरुद्ध हो जायेगा, मिट्टी के कारण सड़क दलदल हो जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार को जब स्टिमेट के अनुरूप कार्य करने के लिए कहा जाता है, तब वह धमकी देने लगते हैं। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए कहा कि कार्य करा रहे मुंशी दादागिरी करता है, और इसका विरोध करने पर कहता है कि सभी जगह कमिशन देते हैं, जाओ जहां शिकायत करना करो। वहीं स्थानीय मजदुरों की बजाय बाहर से मजदूरों को लाकर कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय मजदूरों को मुंशी काम से भगाने के लिए धमकी देता है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

रमना (आजाद सिपाही)। रमना-विशुनपुरा मुख्य मार्ग रेलवे स्टेशन के समीप मोटर साइकल दुर्घटना में योगेंद्र बियार नामक उम्र 32 वर्ष की मौत हो गयी। मृतक का पहचान मेराल थाना क्षेत्र पथरिया निवासी के रूप में की गयी है। वही कांडी थाना क्षेत्र के शिवरी समौरा निवासी अवधेश बैठा गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर के अनुसार योगेंद्र बियार व अवधेश बैठा मोटर विशुनपुरा की और से मोटर सायकल से चली आ रही अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से चली आ रही पिकअप गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद दोनों लोग गंभीर से घायल हो गये। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया गया। बेहतर इलाज के लिए दोनो को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं गढ़वा सदर अस्पताल से मेदनीनगर रेफर किये जाने के बाद योगेंद्र बियार का रास्ते में मौत हो गयी। इधर मृतक के पिता ने महर्षि बियार ने रमना थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# मेंटर इंडिया सम्मेलन में आलोक ने झारखंड का किया प्रतिनिधित्व



आलोक कुमार चौधरी नीला शर्ट में चश्मा लगाए हुए।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** भारत सरकार द्वारा देश में नवाचार के प्रचार प्रसार हेतु आरंभ किये गये, अटल इनोवेशन मिशन द्वारा देश के सभी राज्यों के रीजनल मेंटर ऑफ चेंज के लिए आयोजित मेंटर इंडिया राउंड टेबल सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व झारखंड के रीजनल मेंटर ऑफ चेंज आलोक कुमार चौधरी के द्वारा किया गया। इस संबंध में बताते चलें कि मेंटर इंडिया नीति आयोग का एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसके तहत देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ इस पहल के साथ जुड़कर अपनी ज्ञान और विशेषग्यता देश के छात्रों के साथ जुड़कर उनके साथ साझा करते हैं। ताकि विद्यालयी स्तर से ही देश के छात्र विशेष तकनीक से रूबरू हो कर आगे देश के विकास में अपना योगदान दे सके। इलेक्ट्रिक वहां के क्षेत्र में विशेषज्ञ आलोक इस कार्यक्रम के साथ कई वर्षों से जुड़े हैं, इनके सराहनीय कार्य को देखते हुए नीति आयोग ने इन्हें झारखण्ड राज्य का रीजनल मेंटर ऑफ चेंज चयनित किया है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अटल इनोवेशन मिशन की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और इसके समाधान के बारे में मंथन करना था। मौके पर नीति आयोग के सीईओ वीबी सुब्रमण्यम, सदस्य वीके पॉल, अटल इनोवेशन मिशन के मिशन डायरेक्टर डॉ चिंतन वैष्णव, एचसीएल के संस्थापक अजय चौधरी ने भी देश में नवाचार पर अपने विचार रखे और देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए प्रतिनिधियों का उत्साहवर्द्धन किया। अटल इनोवेशन मिशन के कार्यक्रम निदेशक ने देशहित में कार्य कर रहे, सभी मेंटरों को धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी मेंटर देश के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और इसके लिए अगले महीने में नीति आयोग द्वारा उपस्थित सभी मेंटर को सम्मानित भी किया जायेगा।

# तीन युवकों ने दो युवतियों के साथ की छेड़खानी, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी गांव में मनचलों को दो युवतियों के साथ छेड़खानी करना भारी पड़ा। ग्रामीणों ने मनचलों की जमकर धुनायी की। मारपीट के बाद घायल मनचलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद पुलिस ने बोलेरो को जब्त करते हुए सभी तीनों मनचलों को पुलिस हिरासत में थाने ले गयी।




इलाजरत मनचले

समाचार के अनुसार दोपहर एक बजे मकरी पंचायत भवन से मकरी गांव की दो युवतियां शिलाई का प्रशिक्षण कर लौट रही थी, तभी बांध के आसपास बोलेरो संख्या यूपी 64 एपी 3484 पर सवार केतार प्रखंड के चेचरीया निवासी जसवंत यादव, प्रिंस यादव और चंदन यादव युवतियों से छेड़खानी किया। तभी भवनाथपुर से मकरी अपने घर जा रहे मुखिया पति धनंजय साह से युवतियों ने घटना की जानकारी दी। मुखिया पति ने ढेकुलिया मकरी के पास बोलेरो को ओवरटेक कर रोका, तभी शीशा खोलते ही धनंजय साह ने हेलमेट से बोलेरो चला रहे प्रिंस यादव पर हेलमेट से हमला कर दिया, तब तक बोलेरो में सवार चंदन यादव, प्रिंस यादव ने धनंजय साह पर हमला कर दिया, दोनों तरफ से मारपीट होने लगा, जिसमें धनंजय साह को युवकों ने पिटाई कर दी। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण जमा हो गये और दोनों मनचलों का जमकर धुनाई कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच कर सभी घायलों को अस्पताल ले गये। जहां इलाज कराया गया। बताया जाता है कि मनचले युवक शराब के नशे में चूर थे। पुलिस बोलेरो को जब्त कर तीनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि आवेदन अभी तक नहीं आया है, आते ही कार्रवाई किया जायेगा।

## नव प्रावि ढबरिया के प्रधानाध्यापक ने मुखिया से विद्यालय में सोलर जलमीनार लगाने की मांग की

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नव प्राथि ढबरिया के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार ने पंचायत मुखिया को आवेदन देकर विद्यालय में सोलर जलमीनार लगाने की मांग की है। उन्होंने मुखिया को दिये आवेदन में कहा है कि पिछले दिनों 13 मई को तेज आंधी तूफान में स्कूल के छत पर लगा तीन सोलर प्लेट व पानी टंकी टूटकर नष्ट हो गया है। उक्त सोलर युक्त जलमीनार आपके माध्यम से 2023 में स्कूल में लगाया गया था। जिसके माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को पानी पीने में सुविधा होती थी। सोलर व पानी टंकी नष्ट हो जाने के बाद से पानी के लिए असुविधा हो गयी है। उक्त परेशानी को देखते हुए पुनः विद्यालय में नया सोलर युक्त जलमीनार लगाने की आग्रह प्रधानाध्यापक ने किया है।

## मुखिया रीमा देवी ने दाहसंस्कार में किया आर्थिक सहयोग, ब्रह्मभोज में देंगी चावल



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी ने 18 मई दिन शनिवार को हुरदाग गांव के स्व० विजय भुईयां की पत्नी और राकेश कुमार भुईयां की माता मोहरी देवी (50वर्ष) का आकस्मिक निधन होने की सूचना मिलते ही मुखिया रीमा देवी ने मृतक के घर जाकर बड़े पुत्र राकेश कुमार भुईयां को दाहसंस्कार के लिए नगद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। वहीं उन्होंने ब्रम्हभोज में चावल देने का आश्वासन दिया है।

## पिता की पुण्य स्मृति में पुत्रों ने रक्तदान और गरीब लोगों के बीच फल का वितरण किया



कांडी (आजाद सिपाही)। अपने दिवंगत पिता की पुण्य स्मृति में पुत्रों ने रक्तदान और गरीब व असहाय लोगों के बीच फल का वितरण किया। इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ झामुमो नेता नवीन कुमार सिन्हा ने कहा कि कांडी प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव निवासी उनके पिता बसंत प्रसाद सिन्हा आत्मज स्व ठाकुर इंद्रनाथ प्रसाद सिन्हा का 18 मई 2023 को निधन हो गया था। आज उनकी पहली पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान स्मृतिशेष पिता की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर परिजनों के साथ सभी इष्ट मित्रों व रिश्तेदारों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर काली मंदिर के निकट गरीबों के बीच फल का वितरण किया गया। जबकि छोटे पुत्र सुबोध कुमार सिन्हा के द्वारा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में पीड़ित मानवता के लिए एक यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करते हुए सुबोध ने सभी लोगों से जन्मतिथि, पुण्य तिथि, वैवाहिक वर्षगांठ आदि के मौके पर रक्तदान करने की अपील की। ताकि जरूरतमंदों को इमरजेंसी में रक्त उपलब्ध हो व उनकी जान बच सके।

## चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के बाईपास सड़क के पास चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम। इस दौरान 90 वाहन चालको को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें। इसके साथ हिट एंड रन एवम गुड सेमरटिन के बारे मे बतलाया गया। इसके साथ ही वाहन चालक को सड़क सुरक्षा संबंधित बुक और पंपलेट का वितरण किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक से संजय बैठा, विनय रंजन तिवारी आदि शामिल थे।

## बुका गांव में हैंडपंप एक माह से खराब, पीने के पानी के लिए दर दर भटक रहे ग्रामीण

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय से मात्र डेढ़ किमी दूर पर स्थित बुका गांव के भुंइया टोली में ग्रामीणों के लिए पेयजल हेतु लगा हुआ सोलर जलमीनार पिछले एक वर्षो से खराब है, जबकि उक्त टोले में लगा दोनों हैंडपंप भी बिगत एक माह से खराब होने से टोले के ग्रामीण इस प्रचंड गर्मी में पीने के पानी के लिए दर दर भटक रहे है। ग्रामीण जलमीनार व चपाकल बनवाने के लिए संबंधित विभाग और पंचायत के मुखिया से लिखित और मौखिक रूप से कई बार गुहार लगा चुके है, लेकिन उनकी उदासीनता के चलते भुंइया टोली के ग्रामीणों को पेयजल की सुलभ तरीके उपलब्धता के लिए भटकना पड़ रहा है। नवीन ठाकुर, रामकेवल भुंइया, मंजू देवी, झुन्नी देवी, कमला देवी, सुजन्ति देवी आदि ने बताया कि पिछले एक माह से दोनों चपाकल तथा टोला में लगा हुआ सोलर जलमीनार भी बिगत एक वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। बताया कि पेयजल व अन्य घरेलु कार्यो के लिए गांव के स्कुल में लगे एकमात्र चपाकल से पानी ढोने को हमसभी ग्रामीण विवश है।

# बुंडू के राधारानी मंदिर में भगवान कृष्ण स्वयं अवतरित हुए थे, पांच परगना की हृदय स्थली है राधारानी मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता





**बुंडू।** पांच परगना के हृदय स्थली बुंडू का श्री श्री राधा रानी मंदिर ऐतिहासिक धरोहर है। इस मंदिर में साक्षात श्री कृष्ण भगवान अवतरित हुए थे। इतिहासों में वर्णित तथ्यों के अनुसार 400 वर्ष पुराना मंदिर है और पांच परगना का आस्था का केंद्र बिंदु है। पूरे इलाके में नवरात्रि के दौरान मीट मछली अंडा वर्जित रहता है। पंच परगना के लोगों को बरसों से नवरात्रि का इंतजार रहता है और सच्चे मन से श्री कृष्ण भगवान से मन्नत मांगने पर मनौती पूर्ण होती है। खासकर बंगाली परिवार के लोग इस आस्था के मंदिर में बंगाली समुदाय के लोग बरसों से पूजा करते आ रहे हैं। जब पंच परगना में राजा रजवाड़े ठाकुरों का युग चलता था उसे समय पराया गाय बैल बकरियों को चराने वाले चरवाहा होते थे। इसी मोहल्ला (नवरात्रि टोली) मैं एक चरवाहा भोला घासी का पूर्वज राशु घटी एक बहुत अच्छे बांसुरी वादक थे और वे चरवाहक पूरे मोहल्ले और अगल-बगल के पशुओं को एकत्रित कर सूर्य मंदिर के पास एक जगह बुंडूडीह नामक जगह पर रोज मवेशी चराने ले जाता था एक बार की घटना है कि चराते चराते एक पेड़ के नीचे अंतर्ध्यान होकर बांसुरी बजा रहे थे उसी क्रम में हुआ अंतर्ध्यान मन से ही श्री कृष्ण जी पकड़ लिए श्री कृष्ण जी उनके हाथों में आगे लेकिन श्री राधा रानी जी वहां नहीं थी वह डरते-डरते श्री कृष्ण जी को अपने घर ले आए उसके पास श्री कृष्ण जी को रखने के लिए गरीबी के कारण काफी समस्या थी और डर से लोगों को कुछ भी नहीं बता पा रहे थे। अंत में एक टोकरी में श्री कृष्ण जी को तुलसी मंच के पास टोकरी में ढक कर रख दिये अब समस्या या थी कि भगवान को नित्य प्रतिदिन भोग कैसे लगे उन्होंने सच्चे मन से जो स्वयं खाते थे उसे ही वह सुबह शाम बनाकर देते थे उसी को वो खाते थे। जैसे सुबह में चूड़ा मिश्री गुड़ दोपहर में दाल भात सब्जी फिर रात्रि में दूध चुड़ा को भोग लगाने के बाद स्वयं भी कहते थे और आज भी उसी परंपरा से भोग लगता है सप्ताह भर बाद ठाकुर साहब को स्वप्न से पता चला कि राशु घासी के पास श्री कृष्ण जी की मूर्ति है । उन्होंने राशु घासी को बुलवाया और उससे पूछताछ की राशु घासी ने सारे घटनाक्रम को सच-सच बता दिया राशु घासी मैं ठाकुर से कहा कि हजूर आप मूर्ति को लेकर इनका सेवा करें उसी क्रम में ठाकुर ने अपने घर के बगल में मंदिर बनवाने के लिए जमीन दिया तब या मंदिर खपरैल का था और नित्य प्रतिदिन सेवा के लिए किसी से मांगना ना पड़े इसलिए तुंजू गुटूहातु बुंडू में खेती योग्य जमीन मंदिर को दान दिया जो आज भी है। मंदिर खपरैल का था उसे वक्त एक थाना प्रभारी बुंडू आये थे थाना प्रभारी बुंडू को श्री कृष्ण जी की मूर्ति देखकर इतनी आकर्षित हुए कि उन्होंने मंदिर बनवाने की ठान ली दुबे दरोगा बुंडू के सभी गणमान्य आम जनता से मिलकर मंदिर का स्थापना किया जो आज भी है हर वर्ष अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर नौ दिव्या रात्रि अखंड हरी नाम संकीर्तन लगता है जिसे पूरे पंच परगना वास पूरे वर्ष उत्साहित होकर इंतजार करते हैं इस हरि नाम संकीर्तन में ब्याही गयी माता बहने दूर दराज में काम करने वाले इस अवसर पर आकर हरि नाम संकीर्तन का आनंद जरूर लेते हैं । सबसे बड़ी बात यह है कि इस अखंड हरी नाम संकीर्तन में किसी भी धर्म के लोग मांस मछली अंडा का सेवन नहीं करते हैं प्राय पूरा बुंडू वैष्णवी हो जाते हैं और यह परंपरा आज भी जारी यह भाईचारे की मिसाल कहीं देखने को नहीं मिलती है । इस अखंड हरी नाम संकीर्तन में दूर दराज के अच्छे-अच्छे कीर्तन दल और महिला कीर्तन दल आते हैं साथ ही झूला खेल बच्चों के मनोरंजन के लिए मीना बाजार लगता है जिसका आनंद हर वर्ग के लोग लेते हैं बुंडू प्रखंड के अंतर्गत किसी होटल में मांसाहार भोजन नहीं मिलता है जिसे आने जाने वाले लोग सुनकर अचंभित होते हैं। यहां मंदिर का संचालित करने के लिए 3 वर्ष में आम जनता के द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार प्रसार कर कमेटी का चुनाव किया जाता है जिसमें अध्यक्ष और सदस्यों का चुनाव किया जाता है अगर कमेटी आम जनता की नजरों में निष्क्रिय एवं किसी प्रकार की मनमानी करती है तो आम जनता पुनः ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार प्रसार कर नई कमेटी का चुनाव करवा देती है इस मंदिर से रथ यात्रा धुर्वा मोड़ स्थित मौसी बाड़ी मंदिर में जाता है। जहां भगवान मौसी के घर नौ दिन रहते हैं नौ दिन के पश्चात पुनः अपने मंदिर वापस आ जाते हैं इधर राशु घासी रासु घटी के वंशज संदीप नायक विकास छुआ आनंद छुआ कृष्णा छुआ शशि नायक आदि ने कहा कि हमारे पूर्वज राशु घासी चार भाई थे जो इस क्रम में है राशु घासी कन्हाई घासी भोला घासी गोबिंदो घासी इन लोगों का ही हम लोग वंशज हैं इन लोगों ने आगे कहा कि मंदिर बनाने वाले सीढ़ी बनाने वाले आदि का नाम मंदिर में लिखा हुआ है।

लेकिन भगवान को लाने वाले का नाम कहीं भी लिखा हुआ नहीं है साथ ही अभी भी हम लोगों की स्थिति दयनीय है।

## 31 महिलाओं को टेलरिंग का प्रशिक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये 31 प्रशिक्षणार्थियों के एक माह का महिला दर्जी प्रशिक्षण का समापन यानिवार को बैंक ऑफ इंडिया, आरसेटी .खूंटी में हो गया। प्रशिक्षण के दौरान जमशेदपुर से आयी प्रशिक्षिका अंजना देवी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार के वस्त्रों की कटिंग एवं सिलाई के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शर्ट, पैंट, कुर्ता, पायजामा, ब्लाउज, नाइटी, पेटीकोट आदि विभिन्न प्रकार की डिजाइन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। पूरा प्रशिक्षण नि :शुल्क और आवासीय था। अंत में प्रशिक्षण का मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण पीके सिंहदेव और विद्या रानी शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण के बारे में व्यावहारिक ज्ञान की जानकारी ली। पाठ्यक्रम समन्वयक संजय कुमार ने प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय से जुड़े सभी पहलुओं से अवगत कराया, जिनमें एक सफल उद्यमी बनने के गुण, बाजार प्रबंधन, समस्या समाधान, बैंकिंग, विभिन्न सरकारी बैंक संबंधी योजनाओं और कौशल विकास के रे में जानकारी दी। अग्रणी जिला प्रबंधक, खूंटी सनत कुमार दूबे; बीओआई खूंटी के मैनेजर अनुराग कुमार, बीओआई के कर्रा मैनेजर ऋषिराज और बीओआई आरसेटी खूंटी के प्रभारी निदेशक सुशील कुमार उपस्थित थे।

## तोरपा में मनायी गयी सीता नवमी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विश्व हिंदू परिषद की तोरपा प्रखंड समिति के तत्वावधान में तोरपा मेन रोड सिथत बजरंग बली मंदिर प्रांगण में शनिवार को सीता नवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर पडित कृष्णा पाढ़ी ने विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये, जिसमें काफी संख्या में महिला-पुरुष भक्त यजमान के रूप में शामिल हुए। पूजा-अर्चना, हवन और आरती के बाद खीर प्रसाद का वितरण किया गया। अपराह्न दो बजे से प्रयागराज उत्तर प्रदेश से पधारे पंडितों द्वारा सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया। महावीर मंदिर पुजारी हेमचंद्र झा द्वारा संध्या आरती के बाद सीता पाठ कर कार्यक्रम का समापन किया गया। शाम को भंडारे में भक्तों ने खीचडी महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मातृशक्ति संयोजिका सीमा देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका भानुमति, विहिप के प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह, बजरंग दल संयोजक मोहित जयसवाल, संगीता ठाकुर, रूपा देवी, दुलारी देवी, बबीता देवी, रिंकी देवी, पिंकी देवी, देवंती देवी, भारती देवी, रंजू देवी, प्रमिला देवी, मंजू देवी, रीना देवी ने योगदान दिया।

# कर्रा के कठसेमला में 15 दिनों में आ जायेगी बिजली : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के कठसेमला गांव के लोगों को अब बिजली के लिए अधिक दिन इंतजार करना नहीं पड़ेगा। गांव में 15 दिनों ाबिजली आ जायेगी। इस बात का आश्वासन शनिवार को तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने ग्रामीणों को दिया। विधायक कठसेमला गांव के ग्रामीणों की शिकायत पर वहां पहुंचे थे। मौके पर उन्होंने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता शैलेश कश्यप को भी गांव बुलाया था। सहायक विद्युत अभियंता नें कहा कि ग्रामीणों का सहयोग मिला, तो 15 दिनों में गांव मे बिजली जलने लगेगी। उन्होंने बताया कि बिजली के खंभे गाड़ने का कुछ ग्रामीणों द्वारा विरोध किये जाने के कारण काम आगे नहीं बढ़ पाया था। गांव के ही पवन गोप ने बताया कि गांव में बिजली के लिए 2018-19 में ही पोल लगाने का काम शुरू किया था, पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन पर पोल गाड़ने का विरोध करने के कारण काम बंद कर दिया गया था। उसके बाद से इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों का सहयोग मिला, तो सभी योजनाओं का लाभ गांव वालों को मिलेगा। मौके पर गहनू पाहन, पवन कुमार गोप, अरविंद कुमार गोप, भाजपा नेता विनोद सिंह, भागीरथ राय, महावीर साहू, सुखनंदन नाग, सुनील धान, अनिल धान, जाकशी धनवार सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# अधिवक्ता संघ खूंटी का चुनाव संपन्न, लाल रूपेंद्र नाथ शाहदेव बने अध्यक्ष, बोयार सिंह नाग सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अधिवक्ता संघ खूंटी का चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। झारखंड बार काउंसिल से पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित बालेश्वर सिंह और मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन और चुनाव पदाधिकारी ममता सिंह, तारामणि राम गौंझू और कृष्ण कुमार भगत की देखरेख में संपन्न चुनाव में अध्यक्ष पद पर लाल रूपेंद्र नाथ शाहदेव निर्वाचित हुए। उन्हें कुल 113 मतों में से 56 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी कमल राम को 43 मत मिले। इनके अलावा मनमथ राम को 14 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर गौतम कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी देवेंद्र कुमार को पांच मतों से पराजित किया। गौतम कुमार को 43 मत प्राप्त हुए, जबकि देवेंद्र कुमार को 38 मत मिले। एक अन्य प्रत्याशी प्रभात टोपनो ने 31 मत प्राप्त किया। इसी प्रकार सचिव पद पर दोनों प्रत्याशी बोयर सिंह नाग और मुकुल कुमार पाठक को 56-56 मत प्राप्त हुए, जबकि एक वोट रिजेक्ट हुआ। सचिव पद पर दोनों प्रत्याशियों को बराबर मत मिलने से विजेता का फैसला सिक्का उछाल कर किया गया, जिसमें बोयर सिंह नाग ने जीत हासिल की। संयुक्त सचिव के पद पर अरूण कुमार सुरीन ने 74 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंदी कविता कुमारी को 34 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर जुनूल होरो ने 48 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंदी अरुण कुमार भगत को 45 मत प्राप्त हुए और तीसरे स्थान पर रहने वाले राजकुमार प्रसाद को 18 मत मिले। संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) के पद पर अनिवा तिर्की निर्विरोध निर्वाचित हुई। इसी प्रकार गवर्निंग काउंसिल मेंबर्स के रूप में अनिल कुमार मिश्रा, रमेश कुमार जायसवाल, रासबिहारी चौधरी, केदार महतो और धनिक गुड़िया निर्वाचित घोषित किए गए। घंटों चली चुनावी प्रक्रिया में अधिवक्ता संघ खूंटी के 113 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। यह जानकारी चुनाव पदाधिकारी ममता सिंह ने दी।

## पिपरवार क्षेत्र के छह पंचायत के लोग दो लोकसभा क्षेत्र में करेंगे मतदान

# पिपरवार के सभी बूथों पर रहेगा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम : प्रशांत मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व लोकसभा चुनाव का उत्सह चरम पर है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे प्रत्याशी की धड़कने तेज और मतदाताओ का उत्साह बढ़ता जा रहा है। कोयला उत्पादन के लिए मशहूर सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के लोग दो लोकसभा क्षेत्रो मे मतदान करेगें। मिली जानकारी के अनुसार पिपरवार थाना क्षेत्र के छः पंचायतो मे तीन पंचायत बेंती पंचायत, कल्याणपूर पंचायत और बहेरा पंचायत के लोग चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र मे अपना मतदान करेगे। वही तीन अन्य पंचायतो मे बचरा दक्षिणी पंचायत, बचरा उतरी पंचायत व किचटो पंचायत के मतदाता हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र मे मतदान करेगें। लोकसभा चुनाव के पांचवें और झारखंड के दूसरे चरण के तहत चतरा व हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र मे 20 मई को मतदान होना है। मतदान को लेकर पिपरवार क्षेत्र के जनता मे उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगो ने कहा कि करीब पांच वर्ष के लंबे अंतराल के बाद देश की जनता को मतदान करने का मौका मिलता है, ऐसे मे जनता को भी बढ़ चढ़कर मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने मे सहयोग करने की जरूरत है। वैसे तो मतदाताओ को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कई जागरूकता अभियान व कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे मतदाताओ मे जागरूकता आयी है। **पिपरवार के सभी बुथो पर रहेगा सुरक्षा का पुख्ता इंतेजामः** लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। पिपरवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छः पंचायतो के सभी बुथों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया गया है। शनिवार को पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने थाना क्षेत्र के सभी बुथों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि 20 मई को पिपरवार थाना क्षेत्र के छः पंचायत में होने वाले मतदान को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। सभी बुथों पर पुलिस बल के जवानों को तैनात किया जायेगा। इसके लिए बाहर से अतिरिक्त पुलिस बल के जवानों को बुलाया गया है।मतदाता निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। मतदान के दौरान बुथ पर किसी भी तरह की परेशानी मतदाताओं को नही हो इसके लिए विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान शरारती तत्व और मनचलों पर विशेष नजर रखी जायेगी, साथ ही उत्पात मचाने वालो पर सख्त कारवाई की जायेगी।

## बाइक रैली निकाल कर मांगा वोट

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा पिपरवार मंडल के कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बाइक रैली निकाला। इस दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में वोट मांगा। यह बाईक रैली बचरा के सभी आवासीय कॉलोनी के अलावा ग्रामीण इलाकों का भ्रमण किया। मौके पर संजीव कुमार मिश्रा,धीरेंद्र शर्मा,एसके चौधरी,रीना देवी, राजेश महतो,रविन्द्र सिंह, अजय सिंह, विनोद सिंह, उमेश मेहता,मुकेश राणा और कार्यकर्ता मौजुद थे।

## फोटोग्राफ्स भेजने वाले और टैग करने वाले व्यक्ति को नगर पंचायत ने पुरस्कृत किया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू के नगर प्रशासक शुभम पोद्दार के निदेर्शानुसार खुंटी लोकसभा के तमाड़ विधानसभा स्थित नगर पंचायत बुंडू से चयनित पांच फोटोग्राफ्स भेजने वाले अथवा टेग करने वाले व्यक्ति को शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया जानकारी हो कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 13 मई 2024 को मतदान आयोजित किया गया था। मजबूत लोकतंत्र के लिये शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है, जिसके लिये नगर पंचायत बुंडू प्रशासन शुभम पोद्दार की ओर से आवश्यक तैयारियां की गयी थी। सभी मतदाताओं से अपील किया गया कि 13 मई 2024 को अवश्य मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और मतदान के पश्चात अपने परिवार के साथ सेल्फी या फोटो क्लिक करके नगर पंचायत बुंडू को सोशल मीडिया या व्हाट्सएप पर भेजें उपरोक्त पांच फोटोग्राफ्स को प्रशासक शुभम पोद्दार नगर पंचायत बुंडू की अध्यक्षता में चयन किया गया। जिन्हे शुक्रवार को उनके सामाजिक दायित्व के प्रति समर्पण भाव की सराहना हेतु पुरस्कृत किया गयो इस मौके पर महफूजुर रहमान, अनूप कुमार, मुकेश कुमार, संदीप शर्मा, पल्लव नायक, सिद्धार्थ विद, राहुल लाहेरी, खुशबू कुमारी, मानवसी कुमारी, खुशी कुमारी उपस्थित थे।

## पांच परगना फुटबॉल लीग की शुरूआत



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जी एल चर्च फुटबाल मैदान आमलेशा मे पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले पांच परगना फुटबाल लीग का शुभांरभ आज किया गया। महीनो भर चलने वाले इस लीग प्रतियोगिता मे कुल नौ टीमो ने भाग लिए है। लीग का उद्घाटन मैच आराडीह बुंडू बनाम हेमरोम अड़की खूंटी के बीच खेला गया जिसमे आराडीह की टीम हेमरोम को 3-0 गोल से पराजित कर अपने टीम के लिए 3 अंक हासिल किया। आराडीह के लिए 19वे मिनट मे अशोक मुंडा, 28वे मिनट मे परमेश्वर मुंडा ओर 60वे मिनट मे जंगल मुंडा ने अपने टीम के लिए गोल किया। मैच रेफरी करम मुंडा, निर्मल स्वांसी, गुप्तेश्वर मुंडा ओर संबोध थे। कमेंट्री दिनेश प्रामाणिक निभा रहें है। इस अवसर पर बाहलेन भेंगरा, सुधीर दास आनंद भेगरा ओर एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे। लीग का अगला मैच रविवार को सुबह सत बजे जूनियर एफ सी तमाड़ बनाम एफ सी कुंदला ओर शाम 4 बजे एन सी सपोर्टिंग बनाम एफ सी पुंडीदिरी के बीच खेला जायेगा।

## डालसा ने खूंटी के वृद्धाश्रम में लगाया चिकित्सा सह विधिक जागरुकता शिविर




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर खूंटी के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार के निर्देशन में और डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर के मार्गदर्शन में शनिवार को ओल्ड एज होम खूंटी में बुजुर्गों के लिए छह दिवसीय कैंपेन के तहत डीएलएसए द्वारा स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ओल्ड एज होम में अभी फिलहाल 26 वृद्ध रह रहे हैं। सदर अस्पताल खूंटी के डॉक्टरों और नर्सों की टीम द्वारा सभी वृद्धों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें दवा कें साथ ही चिकित्सीय परामर्श दिये गये। वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच फलों और मिठाइयों का भी वितरण किया गया। उनके खान-पान एवं रहन-सहन के बारे में जानकारियां भी दी गई। साथ ही नि :शुल्क कानूनी सहायता के बारे में लोगों को बताया गया। कार्यक्रम में चार डॉक्टर और दो नर्सों ने अपनी सेवा दी। मौके पर डीएलएसए की पीएलवी अंजू कच्छप, नेली कोनगाड़ी, ओल्ड एज होम के अधीक्षक अश्विनी कुमार के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी डीएलएसए की सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## अशोक परियोजना में कई संयंत्रों का निरीक्षण कर दिये दिशा निर्देश



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना का सीसीएल मुख्यालय विजिलेंस की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान सीसीएल मुख्यालय से आए विजीलेंस के चीफ मैनेजर माईनिंग विमल कुमार,चीफ मैनेजर एक्सावेशन ज्ञानेश गौरव एंव चीफ मैनेजर ईएंडएम जीतेश कुमार आदि विजिलेंस टीम के अधिकारियों ने अशोक परियोजना खुली खदान में बारिश के दिनों में कोयला उत्खनन और उत्पादन में व्यवधान उत्पन्न न हो इसे लेकर विजिलेंस की टीम ने एक्सवेशन, ट्रांसपोर्ट सड़क हॉलरोड, संप (जहां पानी जमा रहता हैं) ड्रेनेज, कल्वर्ट आदि का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को वर्षा के दिनों में कोयला उत्खनन और उत्पादन पर प्रभाव न पड़े इसे लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही परियोजना के कार्यालय में दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया।

## धमधमिया में मतदाता सूचना पर्ची का हो रहा वितरण



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर तुमांग में मतदाता को घर घर मतदाता सूचना पर्ची वितरण किया जा रहा है।तुमांग के बीएलओ भोला चौहान एव आंगनबाड़ी सेविका पद्मावती देवी के द्वारा तुमांग के रोहिणी, पुरनाडीह कॉलोनी, धमधमिया में घर घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची मतदाता को बांटने का काम कर रहे हैं। साथ ही मतदाता मार्गदर्शिका का भी वितरण मतदाता के बीच किया जा रहा है। बीएलओ एव आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा लगातार घर घर जाकर पर्ची बांटी जा रही है। पर्ची में मतदाता की बूथ संख्या एव मतदान केंद्र की जानकारी है।पर्ची के माध्यम से मतदाता को मतदान करने में काफी सहूलियत होगी।

## धनबाद रेल डिवीजन के डीआरएम ने किया केडीएच साइडिंग का निरीक्षण

खलारी (आजाद सिपाही)। धनबाद रेल डिवीजन के डीआरएम केके सिन्हा शनिवार को खलारी रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां खलारी रेलवे स्टेशन अधीक्षक जॉन सोरेंग ने उनका स्वागत किया। जिसके बाद डीआरएम खलारी स्टेशन से सीसीएल के एनके एरिया स्थित केडीएच रेलवे साइडिंग का निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा मानको को लेकर मेन लाइन से साइडिंग पहुंचने वाली रेल ट्रैक, साइडिंग प्लेटफार्म और साइडिंग में 16 मई को हुई डी-रेल मालगाड़ी का निरीक्षण किया। जिसके बाद डीआरएम ने सीसीएल के अधिकारियों से रेल ट्रैक मेंटेनेंस की जानकारी ली। कहा कि रेल ट्रैक मेंटेनेंस का हाल काफी बुरा है। जिस कारण लगातार मालगाड़ी के डी-रेल होने की घटनाएं हो रही है। उन्होंने सीसीएल के संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द रेल ट्रैक को पूरी तरह से दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जिससे कि साइडिंग में डी-रेल की घटना को रोका जा सके और साइडिंग से लोड मालगाड़ी समय से निकल पाये। इसके लिए प्रतिदिन छह घंटे का मेंटेनेंस स्लॉट टाइम रेलवे की ओर से देने की बात कही गई। मौके पर एडीआरएम अमित कुमार, डीओएम अंजय तिवारी आदि थे।

### मोदी सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में सिर्फ पूंजीपतियों की सेवा की : सुबोधकांत

# किसानों का कर्ज करेंगे माफ, एमएसपी को देंगे कानूनी गारंटी: यशस्विनी सहाय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/अनगड़ा/राह।** लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानो का कर्ज माफ किया जाएगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी दी जाएगी। कांग्रेस प्रत्याशी शनिवार को अनगड़ा और राहे प्रखंड के कई गांवों में चुनाव प्रचार कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए यशस्विनी सहाय ने कहा कि केंद्र में आइएनडीआइए की सरकार आएगी, तो किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। जिससे किसानों को उनके उपज का सही दाम मिल सके। इससे किसानों के आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों के बारे में सोचती है। इसीलिए चुनाव से पूर्व कांग्रेस की ओर से महिलाओं, युवाओं, किसान, श्रमिकों के साथ समाज के अन्य वर्गों के विकास और उत्थान के लिए 25 गारंटी निर्धारित की गई है। कांग्रेस की यह गारंटी मोदी सरकार की नीतियों से परेशान जनता को राहत दिलाने का काम करेगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि कांग्रेस को वोट देकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। अपने रोड शो के दौरान यशस्विनी सहाय ने कैंब्रिज स्कूल में कैंब्रिज ट्रस्ट ऑफ इंडिया की अध्यक्ष जानकी देवी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद मिलन चैक में शहीद राजकुमार महतो, गोंदलीपोखर में शहीद हरखनाथ महतो, शहीद निर्मल महतो एवं टाटीसिंगारी में शहीद जीतराम महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उधर, मतदाताओं को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में सिर्फ पूंजीपतियों की सेवा की है। जिस कारण अमीर और अमीर हो गए और गरीबों को जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। देश में चरम पर पहुंच गई महंगाई और बेरोजगारी पर प्रधानमंत्री कभी भी बातें नहीं करते हैं। क्योंकि महंगाई कम होगी तो उनके पूंजीपति मित्रों की कमाई कम हो जाएगी। सुबोध कांत सहाय ने कहा कि देश से महंगाई, बेरोजगारी से मुक्ति और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस को वोट देकर यशस्विनी सहाय को विजय बनाकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें। कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने आइएनडीआइए गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को जोन्हा, टाटी, सुरसु, सहेदा, हलमाद, गजा, हकेदाग, लोदमु बगीचा, सिंहपुर, छोटी मुरी, बडा मुरी, सिल्ली बाजार, काली मंदिर से बुंडू मोड तक, बंता, हजाम और राहे आदि क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्रों में डंगरा टोली, कोकर क्लब, तपोवन गली, खोरहा टोली, महावीर नगर, आर्दश नगर, कोकर चौक, हैदर अली रोड, तिरील बस्ती, सुभाष चौक, देवी मंडप और कोकर बाजार आदि क्षेत्रों में पदयात्रा, जनसंपर्क और चुनावी सभाएं कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश किरण महतो, दीपक लाल, नवनीत सिंह, अभिषेक सिंह, कुमार कौशल, राजू राम, रोहित सिन्हा, संतोष महतो, योगेंद्र सिंह बेनी, वशिष्ठ पासवान, चंचल चटर्जी, सम्राट चटर्जी, प्रकाश राम, महावीर मिर्धा, प्रमुख दीपा उरांव, सरस्वती देवी, सरिता देवी, शहनाज खातुन, संगीता कैथा, अनिता देवी, सोनिया शाह, राजेन्द्र मुण्डा, एतवा उरांव, सिदिक अंसारी, छोटेलाल महतो, फागु बेदिया, अशोक बेदिया, अजय मुण्डा, जॉन तिग्गा, शांति देवी, सूरज करमाली आदि थे।


अनगड़ा और राहे प्रखंड में आयोजित जनसंपर्क अभियान के दौरान बच्चों के बीच प्रत्याशी यशस्विनी सहाय व अन्य।

## चामा मौजा के खाता संख्या 89 की ऑनलाइन पंजी-2 गायब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांके।** अंचल के चामा मौजा के नौ रैयतों का ऑनलाइन पंजी-टू' 15 दिनों से डेटा से रहस्यमी तरीके से गायब हो गयी है। इसे साधारण बोलचाल की भाषा में कहें, तो अंचल कर्मियों द्वारा साजिश के तहत ऑनलाइन से उड़ा दिया है। वहां अब सिर्फ खतियानी रैयतों का डेटा ही बचा है। उधर, जमीन रैयत अपने-अपने ऑनलाइन पंजी टू को पुनः जोड़ने के लिए कांके अंचल में आवेदन दिए हैं, लेकिन इनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। रैयत जब कार्यालय जाते हैं तो उन्हें बताया जाता है कि साहब लोकसभा चुनाव ड्यूटी में है। अंचल के कर्मचारी साहब कब आएंगे। यह बताने में असमर्थता जताते हैं। अब खाता-89 के रैयतों को डर है कि उनकी पंजी टू जो 60 से 62 वर्ष से निर्धारित चली आ रही थी। उसे मूल पंजी टू से भी नष्ट कर दिया गया तो उन जमीन रैयतों का क्या होगा। पीड़ित रैयतों ने पूरे कागजातों सहित कार्यालय में आवेदन दिया गया है। जमीन रैयत अपनी जमीन की रक्षा को लेकर दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर है। रैयत कैसे पंजी टू में पुनः डाटा ऑनलाइन स्थापित होगा, चढ़ेगा इसके लिए जुगत लगाने में लगे हुए है। आवेदनकर्ता एक रैयत ने बताया कि उसने 22 मार्च 2024 को अंचल में आवेदन दिया था। बताया था कि उसके खाता 89 का पूरा रकबा का दोहरा जमाबंदी चामा मौजा के भाग संख्या -5 के पृष्ठ संख्या 26 में अंचल कर्मियों ने एक साजिश के तहत दोहरा जमाबंदी करते हुए चढ़ा दिया है। साथ ही खतियानी रैयत के पंजी 2 के भाग संख्या -1 पृष्ठ संख्या 92 पर चढ़े हुए मेरे जमीन का खाता प्लॉट रकबा को 000 कर हटाया जाय, इस पर सुधार किया जाए। लेकिन सुधार तो नहीं हुआ, उल्टे 30 अप्रैल 2024 को आवेदनकर्ता रैयत के ही ऑनलाइन पंजी टू डाटा से गायब कर दिया गया। अब आवेदनकर्ता रैयत रांची डीसी, अपर समाहर्ता, सचिव भूमि सुधार एवं निबंधन विभाग और कोर्ट कचहरी का चक्कर काटने को मजबूर हो गया है। अंचल कार्यालय में दिये आवेदन पर इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

दूसरी ओर, इस संबंध में सीओ जयकुमार राम ने बताया कि इनकी ऑनलाइन जमाबंदी कैसे हटी। इसकी जांच की जा रही है। मुझे लगता है एनआइसी के अधिकारियों की ओर से इनकी ऑनलाइन जमाबंदी गायब की गई है। जल्द की इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। उसके बाद कुछ कहा जा सकेगा।

## एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** खिजरी विधानसभा अंतर्गत नामकुम प्रखंड के हहाप पंचायत के कुईडी बेड़ा गांव में सांसद सह एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में वोट करने को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मनोज गंझू ने की। बैठक में एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने एवं भारी मतों से जिताने के लिए सभी पंचायतों में प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही केंद्र सरकार एवं सांसद द्वारा खिजरी विधानसभा क्षेत्र में किए गये कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस मौके पर सांसद संजय सेठ के पुत्र अहिवार सेठ, आजसू के केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह उर्फ छोटू, आजसू नेता प्रकाश लकड़ा, निरज चौधरी, ग्राम प्रधान हरिश गंझू, सरिता देवी, सुनीता देवी, आदि उपस्थित थे।

## अनगड़ा में भाजपा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन कार्यकर्ताओं को दिये गये बूथ जीतने के गुरुमंत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** हेसल खोपी सरना सभागार में शनिवार को भाजपा के खिजरी विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया। भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो की अध्यक्षता में ओरमांझी, अनगड़ा, नामकुम एवं सिकिदीरी मंडल के बूथ अध्यक्षों के आयोजित इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह के अलावा राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, डॉ अमर कुमार चौधरी, रामकुमार पाहन, नसीबलाल महतो, अमरनाथ चौधरी, सत्यदेव मुण्डा, मानकी राजेंद्र शाही आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर कर्मवीर सिंह ने बूथ अध्यक्षों को गुरुमंत्र देते हुए कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता का मूल मंत्र पर कार्य करना है। बूथ अध्यक्ष पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी होती है। बूथ कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा जीत हासिल कर रही है। वहीं, सांसद आदित्य साहू ने कहा कि बूथ सम्मेलन का एक ही मूल मंत्र है मेरा बूथ सबसे मजबूत है। इसी मंत्र के साथ बूथ को जीतना है। इस अवसर पर डॉ अमर कुमार चौधरी ने सभी बूथ अध्यक्षों को अपने परिवार सहित सभी नजदीकी रिश्तेदार और मित्रों को सुबह से ही बूथ पर ले जाकर मतदान कराने को कहा। कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा सच होने जा रहा है। सम्मेलन में अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो आदि मौजूद थे।




## ठाकुरनगर से शराब तस्कर गिरफ्तार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव पुलिस ने शुक्रवार की रात गस्ती के दौरान विष्णु चौक समीप छापामारी कर अवैध शराब की तस्करी में जुटे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसका नाम विक्की कुमार सिंह । वह चांहो थाना क्षेत्र के रोल गांव का रहने वाला है। पुलिस ने विक्की के पास से नामी गिरामी कंपनियों के 40 बोतल विदेशी शराब के साथ एक बाइक भी जब्त किया है। वहीं, ठाकुरगांव थानाप्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार विक्की सिंह पेशेवर शराब माफिया है। बहुत पहले से ही वो शराब के धंधे में लिप्त है। शुक्रवार को रात गस्ती में पुलिस को देखकर भागने के क्रम में उसे गिरफ्तार किया गया। मामले पर ठाकुरगांव थाना में कांड संख्या 30/24 भादवी की धारा 270, 272, 273 एवं 47 (अ) उत्पाद अधि. के तहत गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## जीव की सेवा ही शिव सेवा है: अखिलेश यादव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** बनो और बनाओ मंच के बैनर तले सदाबहार चौक नामकुम स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में शिव चर्चा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंच के सचिव अखिलेश यादव ने कहा कि जीव सेवा ही शिव सेवा है। सत्य सेवा दान ही सनातन धर्म है। शिव परिवार की महिलाओं ने कहा कि शिव महिमा की गीत गाने से मन को शांति मिलती है। जिससे सनातन धर्म मजबूत होता है एवं आसपास के जगहों पर शांति रहती है। इधर, लोकसभा चुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने सभी शिव भक्तों से समय पर जाकर मतदान करने की अपील की एवं दूसरे व्यक्तियों को भी मतदान करने को लेकर प्रेरित किया। वहीं, मंच की ओर से सभी शिव भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा, मंच के संस्थापक रामाधार सिंह, अनंत नारायण, शैलेंद्र ठाकुर, रंजीत पात्रा, अशोक यादव, कौशल सिंह, प्रमिला देवी, लालझरी देवी, गुड़िया देवी, प्रीति देवी, रागिनी कुमारी, शोभा देवी, सोनी देवी आदि उपस्थित थे।

## जैलेंद्र कुमार ने जनसंपर्क कर मतदाताओं से की भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा/सिकिदिरी।** हर घर संपर्क अभियान के तहत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में सिकिदिरी के विभिन्न गांवों का दौरा कर केंद्र की योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही जनहित एवं देश हित में भाजपा को सीरियल नंबर तीन पर बटन दबा कर रांची लोकसभा से भाजपा प्रत्यासी संजय सेठ को विजय बनाने का आह्वान किया। उनके साथ बीजेवाइएम के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो सत्यदेव मुंडा भाजपा एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री बुधराम बेदिया, मंडल महामंत्री शोहराय बेदिया, कुचु मुखिया सहदेव बेदिया, गिलु बेदिया, आदि रहे। उन लोगों ने खभावन, कुचू, कुचु पाहन टोली, सिंदरी टोपा, कुचु महली टोली, मुस्लिम टोली आदि गांवों का भ्रमण कर हर घर जनसंपर्क कर एनडीए के पक्ष में जन जागरूकता कर कमल फुल छाप में बटन दबा कर मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है।



## मेधावी विद्यार्थी सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के कुदलोग स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पाठयक्रम गतिविधियों में क्ले मॉडलिंग चित्रकला, शरबत और सलाद बनाओ प्रतियोगिता के साथ की कक्षा 10वीं के टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय की शिक्षिका सह विद्यालय प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष डॉ सुनीता कुमारी गुप्ता, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य ईशेष साही, प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी, अभिभावक के साथ ही सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे। डॉ सुनीता कुमारी गुप्ता ने बच्चों को संबोधित किया और पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि एक सकारात्मक सोच के साथ, आदर्श चरित्र रखते हुए अगर मेहनत की जाए तो हर सपने को साकार किया जा सकता है। वहीं, प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। आचार्य दीदी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## बेड़ो में दो दिनों से जलापूर्ति ठप, लोग परेशान

### ग्रामीणों का आरोप- नियमित रूप से कभी नहीं मिलता सप्लाई का पानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएचईडी विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण पिछले दो दिनों से पेयजल आपूर्ति सेवा ठप है। इससे बेड़ो के ग्रामीणों को तपती गर्मी में पीने का पानी नहीं मिल रहा है। विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि कोई ऐसा महीना नहीं होगा, जिसमें उपभोक्ताओं को पूरे माह पेयजल सप्लाई मिली हो। विभाग के किसी भी अधिकारी को इससे कोई मतलब नहीं है और ना ही वे अपने कार्य क्षेत्र में रहना पसंद करते हैं। और न ही फोन रिसीव करते है। लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं बड़े-बड़े वादे करने वाले जनप्रतिनिधियों को भी इसकी कोई चिंता नहीं है। इससे बेड़ो के लोगों को पेयजल को लेकर भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि नियमित रूप से सप्लाई का पानी कभी नहीं मिल पाता है। विभाग की यह समस्या पुरानी है। पर, इसके समाधान के लिए ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा हैं। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। सुबह से ही लोग पानी की जुगाड़ में डिब्बा व बाल्टी लेकर भटकते रहे। पेयजल के आपूर्ति के अभाव में लोगों को पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है।वही पेयजल की परेशानी बेड़ो वासियों के दिनचर्या में शामिल हो गयी है। जलापूर्ति की आस में लोग सुबह उठते जरूर हैं मगर इंतजार के बाद विभाग को कोसते नहीं थकते हैं। जबकि ग्रामीण अंचलों में नल जल योजना चल रही है। इधर, विभाग के जेई विजय मिंज से संपर्क करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।


बेड़ो में चापाकल से पानी भर कर ले जाता ग्रामीण।

## नगड़ी में महिला से एक लाख की छिनतई

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो अपराधियों ने गुरुवार को 16 मई नगड़ी में भारतीय स्टेट बैंक से पैसे निकाल घर जा रही एक महिला से 1 लाख रुपया की छिनतई की घटना से पीड़ित महिला बन्धनी तिर्की ने नगड़ी थाना पहुंचकर में अज्ञात अपराधिक विरूद्ध में प्राथमिक की दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिक के अनुसार कोंलाबी गांव निवासी सामू तिर्की की पत्नी बंधनी तिर्की अपने गांव कोंलाबी से निजी कार्य के लिए नगड़ी स्थित भारतीय स्टेट बैंक से पैसे निकालने आयीं थी और बैंक से ?100000 एक लाख रुपए निकाल कर वह घर जा रही थी की जैसे ही वह रिलायंस ट्रेंड्स मॉल के पास पहुंची थी कि अचानक एक बाइक से दो अज्ञात अपराधियों ने उसके हाथ में पैसा रखा हुआ थैला को छीन कर पिस्का ओवरब्रिज की ओर भाग गये।

## कुएं में डूबने से किशोरी की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिकिदिरी।** नवागढ़ पंचायत के ओबर गॉव में कुएं में डूबने से युवती की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान बसंती कुमारी (16) के रूप में की गई है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। किशोरी मंदबुद्धि एवं बिमार रहती थी। उधर, घटना की सूचना पाकर सिकिदिरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। हालांकि परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने गांव में ही पंचनामा कर शव को सौंप दिया।

# चतरा लोस में हर मोर्चे पर फिट बैठते हैं केएन त्रिपाठी : दीपक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कार्यकर्ता ही चुनाव में रीढ़ की हड्डी होते हैं। इसकी झलक देखने को मिली चतरा लोकसभा क्षेत्र में, जहां आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में झामुमो नेता दीपक तिवारी ने गठबंधन का धर्म का पालन करते हुए पूरी ताकत झोंक दी है। मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह, छिपादोहर के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान दीपक तिवारी ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं आइएनडीआइए गठबंधन के पक्ष में अधिकाधिक मतदान कराने के लिए अंतिम दौर की मेहनत पर बल दिया। दीपक ने भाजपा के पक्ष में जाने वाले बस्ती में जाकर मोदी सरकार के चार सौ पार की महात्वाकांक्षा के नुकसान बताए। साथ ही केएन त्रिपाठी के उम्मीदवार होने के लाभ से अवगत कराया। पूर्व सांसद से आक्रोशित जनता का सवाल को सही दिशा देकर दीपक तिवारी, महताब खान, सुमन सिंह,रंजीत कुमार, परवेज अख्तर ने महिलाओं बुजुर्गों को पंजा छाप पर वोट देने की अपील की। दीपक ने कहा कि जनता को अपना नेता निर्माण का वक्त आ गया है। लड़ाकू, जुझारू, जनहित पर सरकार से भीड़ जाने वाले नेता की आवश्यकता चतरा लोकसभा क्षेत्र को है। केएन त्रिपाठी देश की संसद में झारखंड की आवाज बनकर उभरेंगे, जिनके बारे में सभी अवगत हैं। झामुमो नेता ने कार्यकर्ताओं को विपक्षियों की कार्पोरेट अंदाज से नहीं घबराने की अपील की। उनकी माने तो जनता ने बदलाव का मन बना लिया है, पैसे और लोभ लालच से जागरूक जनता फंसने वाली नहीं है। इस दौरान केड़,गाड़ी समेत दर्जनों गांवों में लोगों ने जमकर स्वागत किया और केएन त्रिपाठी को जिताने का भरोसा दिया।

## विधायक के समझाने पर मतदान को तैयार हुए चुनाव का बहिष्कार करने वाले ग्रामीण

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान अवश्य करें: डॉ शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ पंचायत के हेडूम गरिहरा के ग्रामीणों ने विभिन्न मांगों को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया था। वहां के मतदाता अपनी 'रोड नहीं तो वोट नहीं' की मांग को लेकर अड़े हुए थे। इसकी सूचना विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को मिली, तो वे शनिवार की दोपहर में हेडूम गरिहरा के मतदातओं से मिलने पहुंच गए। उनके साथ बैठक में विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की जिस सड़क के लिए आपलोग वोट बहिस्कार किये है वह सड़क का जून माह में टेंडर की प्रकिया हो जाएगी। उक्त सड़क का डीपीआर बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान अवश्य करें। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। सभी ने वोट बहिष्कार न कर मतदान करने का एक स्वर में निर्णय लिया। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व पांकी बीडीओ सहित कई आलाधिकारी ने समझाने का प्रयास किया था। वहीं, नक्सल प्रभावित गांव होने की वजह से हेडूम गरिहरा के मतदान केंद्र को पांच किलोमीटर दूर जोलहबिगहा मतदान केंद्र पर रिलोकेट किया गया है। जिसे लेकर विधायक ने पलामू डीसी से फोन पर बात किया। डीसी द्वारा मतदाताओं को बाइक एवं चारपाहिया वाहन की सुविधा देने की बात कही गई। मौके पर प्रो बचन ठाकुर, कमेश यादव, लाला यादव, सुधीर तिवारी, मुखिया पति विनोद यादव, पप्पू यादव, शंकर यादव, राजेंद्र यादव, देवंश यादव, बालकिशुन उरांव, भगवती उरांव, विरेंद्र यादव, राजकुमार यादव सहित सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे।



विधायक डॉ शशिभूषण के समझाने के बाद उत्साहित ग्रामीण।

# माओवादी कामेश्वर गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कामेश्वर यादव उर्फ धनराज को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कामेश्वर यादव पर पलामू के इलाके में कई नक्सली घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। कामेश्वर यादव पलामू के पांडू थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसने पलामू पुलिस को कई जानकारियां दी हैं। अगस्त 2023 में शीर्ष माओवादी दस्ते ने पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के कालापहाड़ महुडड़ इलाके में आधा दर्जन से अधिक वाहनों को जला दिया था। इसके बाद से ही पलामू पुलिस कामेश्वर यादव की तलाश कर रही थी। पलामू एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छतरपुर थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कामेश्वर यादव को गिरफ्तार किया है। वहीं, छापामारी दल में छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, अंचल निरीक्षक द्वारिका राम, थाना प्रभारी राजेश रंजन, पुनि सौरभ कुमार पांडू थाना, अनिल कुमार रजक, इंद्रजीत कुमार राणा, पांडू-छतरपुर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# दो बाइक चोर गिरफ्तार, बाइक भी बरामद



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिछले कई महीनों से हरिहरगंज थाना क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी की घटना शुर्खियों में है। शुक्रवार को पुलिस की छापामारी के दौरान क्षेत्र से ही दो चोरों की गिरफ्तारी करने में सफलता हाथ लगी है। वहीं, दोनों चोरों के पास से चोरी की बाइक भी बरामद की गई है। दोनों बाइक चोरों की गिरफ्तारी अलग अलग उनके घरों से हुई। पूछताछ में चोरी की कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की भी उम्मीद है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ही अम्बा डेमा निवासी सत्येंद्र विश्वकर्मा के पुत्र मुकुल विश्वकर्मा और अररुआ कला निवासी संजय पासवान के पुत्र ओम प्रकाश कुमार पासवान बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। जिसे संज्ञान में लेते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया है इनके विरुद्ध हरिहरगंज थाना कांड संख्या 64/24 के प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों को जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह की संभावना है।

# 20, 25 मई व 1 जून के पूर्व ही पोस्टल बैलेट से कराया जा रहा मतदान

### वोटर्स ऑन इलेक्शन ड्यूटी, आवश्यक सेवा से जुड़े लोग व अन्य कर रहे मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें, छठा एवं सातवां चरण का मतदान क्रमशः 20, 25 मई और एक जून को निर्धारित है। जिसके लिए अन्य जिलों में चुनाव कार्य में संलग्न पदाधिकारी/कर्मी व आवश्यक सेवा में संलग्न कर्मियों को डाक मतपत्र से मतदान कराया जाना है। जिले में ऐसे कई मतदाता हैं जो चुनाव कार्य में जिले में कार्यरत है, लेकिन वो दूसरे लोकसभा क्षेत्र के मतदाता है उन्हीं मतदाताओं के मद्देनजर शुक्रवार को समाहरणालय के द्वितीय तल, पुलिस लाइन मेदिनीनगर व समादेष्टा झासपु 8 में चतरा, कोडरमा व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिये मतदान करवाया गया। इसी क्रम में इन स्थानों पर शनिवार को भी मतदान कराया गया। इसी तरह 22 व 23 मई को इन्हीं स्थानों पर गिरिडीह, धनबाद, रांची व जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के लिये मतदान कराया जायेगा। जबकि 29 व 30 मई को राजमहल, दुमका व गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के लिये मतदान की व्यवस्था की गई है।



### 20 मई को है आप सब की बारी : डीसी

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने कहा कि जो लोग चुनाव कार्य में जुड़े हैं या आवश्यक सेवाओं में है या दिव्यंजन जो मतदान केंद्र पर चलकर नहीं आ सकते या 85 से अधिक आयु हैं उन सभी से पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करवाया जा रहा है। कोइ भी योग्य मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे, इस दिशा में निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में यह मतदान करवाए जा रहे हैं। ऐसे में आप सबकी बारी 20 मई है अतः आगामी सोमवार को पांकी विधानसभा अंतर्गत अपने बूथ पर जाकर मतदान जरूर करें।

# आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक, जताया आभार



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय में आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं-कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें प्रस्ताव पारित कर चुनाव में अपर समर्थन के लिए पलामू लोकसभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके अलावा महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइंया को जीत की अग्रिम बधाई भी दी गई। राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि पलामू की जनता ने इस बार राजनीतिक बदलाव के लिए मतदान करते हुए ममता भुइंया को अपना आशीर्वाद दिया है। जिसके लिए महागठबंधन उनका आभारी है। बैठक में राजद महासंघ अध्यक्ष नंददेव यादव,नागेंद्र यादव, नरेश यादव, संजय महतो, सीताराम चंद्रवंशी, उसमान अंसारी,रउफ अंसारी,सुरेश राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# एकादशी उद्यापन को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के वार्ड-2 स्थित सैदाबाद गांव में एकादशी उद्यापन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।रामराज प्रसाद एवम कलावती देवी व राजगीर प्रसाद एवम इंदु देवी पिछले कई वर्षों से एकादशी व्रत कर रहे थे। शनिवार को दर्जनों महिला एवं बच्चियों ने कलश के साथ कलश यात्रा निकाली गई। गांव से लगभग चार किलोमीटर दूर देवरी सोननदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया।आचार्य शम्भू पाठक,बीरेंद्र पाठक,नीलेश तिवारी ने वैदिक रीति से पूजा- अर्चना करवाया। कलश में जल भरकर सभी भक्तगण जय विष्णु, जय लक्ष्मी, जय श्रीराम समेत अन्य जयकारे लगाते हुए गांव की विभिन्न गलियों से गुजरते हुए पुनः घर आये, जहां यज्ञ मंडप में कलश को अधिष्ठापित किया गया। कलश लेकर चलने वालों समेत अन्य भक्तों को प्रसाद दिया गया। इस निमित्त 18 मई को वेदीपुजन हुआ।

# रिलोकेटेड व पुराने बूथों पर चला जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के तहत चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा में 20 मई को मतदान होना है। सभी बूथों पर अधिकाधिक मतदान हो, इसे लेकर कई कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में भारत निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा के मद्देनजर पांकी विधानसभा अंतर्गत कुल 9 बूथों को रिलोकेट किया गया। शनिवार को उप विकास आयुक्त रवि आनंद व पांकी के एआरओ प्रीति किस्कू ने इन्हीं पुराने व नये बूथों पर मतदान करने वाले मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाकर आगामी 20 मई को नये बूथ पर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बतातें चलें कि इस दिन उप विकास आयुक्त रवि आनंद, पांकी की एआरओ प्रीति किस्कू व छत्तरपुर के एसडीएम हीरा कुमार ने पुराने बूथ राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अपटी उत्क्रमित मध्य विद्यालय बघमरी जीरो, राजकीय मध्य विद्यालय होटाई, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोगाड़ व राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवरदह पहुंचकर वहां के स्थानीय ग्रामीणों से सीधे संपर्क स्थापित कर उन्हें उनके बूथों के बदले जाने की जानकारी देते हुए अपने नये बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील की। उप विकास आयुक्त ने अलग-अलग बूथों पर पहुंच कर संबंधित बूथ से अटैच्ड मतदाताओं को यह भरोसा दिलाया कि रिलोकेट किये गये बूथों पर पेयजल, टेंट व शौचालय की पूरी व्यवस्था की गई है। आवश्यकतानुसार मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए वाहनों की भी व्यवस्था की गयी है। उन्होंने सभी मतदाताओं को अपने बूथ पर जाकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया।



# मना स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का प्रथम स्थापना दिवस

**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का स्थापना दिवस शनिवार को मनाया गया। जिसमें पत्रकार लवकुश कुमार सिंह ने पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया।

बतातें चलें कि पलामू जिला के उटारी रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरमा खुर्द के पांडेपुरा बाबू वीर कुंवर सिंह चौंक के नाम से जाना जाता है। शनिवार को स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर नागेंद्र सिंह,पंकज सिंह,अकाश सिंह,सूरज,बृजेश सहित कई लोगों उपस्थित थे।

# कालीचरण सिंह को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनायें : प्रो बच्चन ठाकुर



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष प्रो बच्चन ठाकुर ने चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को 20 मई को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है। प्रो बच्चन ठाकुर ने कहा कि देश का सर्वांगीण विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव है। उन्होने कहा कि 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जानकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। उज्ज्वला योजना, पीएम किसान निधि, पीएम आवास, शौचालय सहित विभिन्न योजनाओं को लाने का काम किया है। साथ ही चतरा लोकसभा के नाई समाज के लोगों से अपील की कि भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में अवश्य मतदान करें। कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग बीते कई वर्षो से जा रही थी। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जननायक कपूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सम्मानित करने का काम किया।

## स्पोर्ट्स



मुंबई इंडियन कप्तान हार्दिक पांड्या पर आइपीएल के इस सीजन में तीन मैचों में स्लो ओवर-रेट के लिए एक मैच का बैन लगाया गया है। साथ ही 30 लाख रुपये का आर्थिक जुर्नामा भी लगाया गया है।

# हार्दिक पर स्लो ओवर-रेट के लिए एक मैच का बैन, लगा 30 लाख का जुर्माना भी

## अगले आइपीएल सीजन में नहीं खेल पायेंगे पहला मैच

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस (एमआइ) के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आइपीएल के इस सीजन में तीन मैचों में स्लो ओवर-रेट के लिए एक मैच का बैन लगाया गया। यह फैसला शुक्रवार को मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के खेले गए मैच के बाद लिया गया। हालांकि, इस सीजन में मुंबई इंडियंस का अब एक भी मैच नहीं बचा है। वह पहले ही प्ले ऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। ऐसे में अगले सीजन के अपने पहले मैच में हार्दिक पंड्या नहीं खेलेंगे। साथ ही इंपैक्ट प्लेयर सहित टीम के अन्य खिलाड़ियों पर 12 लाख रुपये या मैच फीस का 50 प्रतिशत देना होगा। इनमें से जो कम होगा, उसे मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों को देना होगा। दरअसल, मुंबई ने 17 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ, 30 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ और 18 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ स्लो ओवर किए थे। इस वजह से हार्दिक पंड्या कप्तान के तौर पर आइपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन के दोषी पाए गए। बतातें चलें कि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 24 लाख रुपए का फाइन लगा। पंजाब किंग्स के खिलाफ 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। गौरतलब हो कि आइपीएल की स्लो ओवर रेट से जुड़ी आचार संहिता के तहत अगर किसी टीम का कप्तान पहली बार दोषी पाया जाता है तो उस पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगता है। अगर सीजन में दूसरी बार उस कप्तान से स्लो ओवर रेट का अपराध होता है, तो 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। तीसरी बार गलती हुई, तो कप्तान पर एक मैच का बैन और 30 लाख रुपए जुर्माना लगता है।



### पंत पर भी लग चुका है एक मैच का बैन

आइपीएल 2024 के इस सीजन में तीन बार स्लो ओवर रेट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभपंत पर भी एक मैच का बैन और 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जा चुका है। वह 12 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में नहीं उतरे थे।

# नौ दिन बाद भी नहीं मिला लापता युवक का सुराग



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा का बेटा राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा (25) पिछले नौ दिनों से लापता है। इस संबंध में डब्लू मिश्रा ने विश्रामपुर थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था। लेकिन अभी तक मोनू का कोई सुराग पुलिस को भी नही मिला है। इधर मोनू के परिजन किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए गम में डूबे हुए हैं। परिजन पुलिसिया कार्रवाई से भी संतुष्ट नहीं हैं। यहां बताते चलें कि पिछले दस मई को मोनू घर से निकाला था। लेकिन वह आज तक घर वापस नहीं लौटा। लापता युवक मोनू के पिता डब्लू मिश्रा ने बताया कि पुलिस को कुछ संदिग्धों का नाम

# ढुल्लू महतो के कारनामे लिखने बैठे तो सूख जायेगी स्याही, कम पड़ेंगे कागज : अवधेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कांग्रेस के चुनाव कार्यालय होटल ब्लैक रॉक में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह गया के विधायक अवधेश सिंह) छह बार के विधायक) ने धनबाद लोस से आइएनडीआइए की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे। उन्होंने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि देश के साथ ही धनबाद में जो चुनाव हो रहा है दोनों अलग-अलग हैं। एक तरफ साफ छवि शालीन और कांग्रेस परिवार की बेटी अनुपमा सिंह हैं, जो अनूप सिंह के परिवार से आती हैं जिनका इतिहास बेदाग है। जबकि दूसरी तरफ भाजपा का ऐसा व्यक्ति चुनाव लड़ रहा है जिसका इतिहास दागदार है। पिछले 10 वर्षो में जितने मजदूरों ने पलायन किया उतना 60 वर्षों में नहीं हुआ। कांग्रेस ने देश को मनरेगा कानून दिया। शिक्षा और सूचना का अधिकार दिया। कोलियरियों को सरकारी कारण किया, ताकि मजदूर रोजगार मिल सके। अगर भाजपा प्रत्याशी की कुंडली खोजी जाए तो शायद कलम की स्याही सूख जाएगी पर उनका इतिहास खत्म नहीं होगा। यह लड़ाई एक तरफ साफ छवि की शिक्षित महिला प्रत्याशी और दूसरी ओर मजदूरों का शोषण करने वाले ढुल्लू महतो के बीच है, जिसका इतिहास आईपीसी धाराओं से भरा पड़ा है। एक तरफ राजेंद्र सिंह का नाम लिया जाता है जो मजदूरों के मसीहा थे तो दूसरी ओर मजदूरों का शोषण करने वाले खुद को नेता कहने वाले ढुल्लू महतो हैं। भाजपा ने ऐसे प्रत्याशी को टिकट दिया जाने से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के जीत में कोई संशय नहीं है अब ऐसा सवेरा आने वाला जहां से हमारी बहन हमारी बेटी अनुपमा का उदय होगा। अनुपमा सिंह धनबाद का विकास करेगी। धनबाद में स्थापित माफिया राज को खत्म करेगी। मीडिया के माध्यम से लोगों को अनुपमा सिंह को जिताने की अपील भी की। बैठक में राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य मदन महतो, प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, जिला मीडिया प्रभारी सतपाल सिंह ब्रोका उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी आदि मौजूद थे।



# जनता तय करे, स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशी को मतदान करना है या दागदार को : अनूप

## महिलाओं के सम्मान में अनुपमा सिंह मैदान में: दुर्गा दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**एग्यारकुंड।** बेरमो विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने आइएनडीआइए गटबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में निरसा विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया व सभाएं की। वहीं, निरसा के खुदिया फाटक के दुर्गा मंदिर के पास दुर्गा दास के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान एवं सभा की गयी। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि एक तरफ साफ एवं स्वस्थ छवि की प्रत्याशी (अनुपमा सिंह) खड़ी हैं, तो दूसरी ओर ऐसा उम्मीदवार है जिन पर 51 मामले दर्ज है। अब जनता को तय करना है कि किसके पक्ष में मतदान कर विजयी बनाना है। वहीं, कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास ने कहा कि महिलाओं के सम्मान में अनुपमा सिंह मैदान में हैं। कार्यकारी अध्यक्ष सह इसीएल रीजनल कमेटी सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) के शशि भूषण तिवारी ने कहा कोल इंडिया को निजीकरण से बचाने के लिए कांग्रेस के हाथ को मजबूत करने का कोयला मजदूरों ने मन बना लिया है। धनबाद से सभी वर्ग के लोग महिला प्रत्याशी अनुपमा सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने जा रहे हैं। मौके पर झारखंड प्रदेश इंटक के संयुक्त महामंत्री सह राष्ट्रीय इंटक के सचिव सह निरसा विधानसभा के चुनाव प्रभारी श्यामल सरकार, डीवीसी कर्मचारी संघ (इंटक) के सचिव सदन सिंह, शशि भूषण तिवारी, शमीम अंसारी, प्रदीप मांझी, शुभम सिंह, सत्यम सिंह, अमन रजक, विजय दास, शुभम महतो आदि मौजूद थे।

### अनुपमा सिंह के पक्ष में मजदूर संगठन ने की सभा



एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में विभिन्न मजदूर संगठन के प्रतिनिधियों ने कुमारधुबी कोलियरी के भाग्यलखी इंक्लाइन गेट व बड़मुड़ी कोलियरी में सभा की। जिसकी अध्यक्षता हरेंद्र मिश्रा व संचालन शशिभूषण तिवारी ने किया। जेबीसीसीआइ सदस्य सह सीपीएम नेता सुजीत भट्टाचार्य ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश व संविधान को बचाने के लिए हो रहा है। मुगमा क्षेत्र में गोपीनाथपुर कोलियरी को बेच दिया गया है। भाजपा गठबंधन देश की सरकारी संपत्तियों को एक-एक कर बेच रही है। जबकि इंडी गठबंधन देश को बचाने के लिए चुनावी मैदान में है। मौके पर जेपी यादव, नागेंद्र कुमार, कृष्णा सिंह, हरेंद्र सिंह, बिपिन मंडल आदि मौजूद थे।

### कोल माइंस इंजीनियरिंग वर्कर्स एसोसिएशन की बैठक में शामिल हुए ढुल्लू महतो

# नारी सम्मान व गरीब-मजदूरों के हक के लिए उठाता रहूंगा आवाज : ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोल माइन्स इंजीनियरिंग वर्कस एसोसिएशन (सिमेवा) भूली नगर में शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अगुवाई सिमेवा के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने की। इसमें शामिल बीसीसीएल के बारहों एरिया के कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतो से विजयी बनाने का संपकल्प लिया गया। वहीं, बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल ढुल्लू महतो ने अपने संबोधन में कहा कि मजदूर, गरीब, असहाय, मजलूमों और महिलाओं के सम्मान के लिए कई आंदोलन किया हूं और आगे भी करता रहूंगा। चाहें विरोधी और प्रशासन कितना भी केस क्यों न दर्ज करा दे। आंदोलन करने से केस होता हैं तो ढुल्लू महतो इससे पीछे नहीं हटेगा। वहीं, सिमेवा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीत दिलाने की अपील करते हुए कहा कि ये नेता आंदोलन की उपज हैं। आज सिजुआ में पानी, प्रदूषण और अन्य समस्याओं से लड़ रहा हूं तो सिर्फ ढुल्लू महतो के समर्थन की बदौलत। वे आंदोलन को अपना सहयोग दे रहे हैं। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य हैं कि ढुल्लू महतो को जीताकर केंद्र में भेज कर धनबाद को विकास के रास्ते में लाया जाए। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह, संचालन पूर्व पार्षद रंजीत कुमार बिल्लू और धन्यवाद ज्ञापन श्रवण कुमार ने किया। इस मौके पर विजय सिंह, सुरेंद्र केशरी, छोटू राम, मानस रंजन, जितेंद्र प्रसाद, लालन मिश्रा, सुमन सिंह, मिथिलेश पासवान, प्रयागराज रविदास, कमल किशोर, आशीम दत्ता, बापी दा, अशोक गुप्ता, अजय सिन्हा, प्रिंस पासवान, कैलास गुप्ता, डॉ बालेश्वर प्रसाद, जगदीश राय, नरेश पंडित, मिंटू सिन्हा, योगी सेठ, महेश सिंह, बबलू सिंह, नीरज शर्मा आदि थे।




सभा को संबोधित करते धनबाद लोस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो।

### ढुल्लू महतो के समर्थन में उतरा ब्राह्मण समाज, दिया विजयी होने का आशीर्वाद



धनबाद (आजाद सिपाही)। ब्राह्मण समाज ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को अपना समर्थन देने का निर्णय लिया है। शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज झारखंड प्रदेश के संयोजक 87 वर्षीय श्रीराम पांडेय ने उन्हें गंगाजल व प्रसाद के साथ माला पहनाकर विजयी होने का आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही ब्राह्मण समाज ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार प्रसार में जुटने का संकल्प लिया। संगठन के प्रदेश महासचिव सुरेश चंद्र तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण संगठन पूरी श्रद्धा के साथ ढुल्लू महतो को ना केवल अपना समर्थन देगा, बल्कि आम मतदाताओं से भी अपील करेगा कि विकास के लिए काम करने वाले भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में ही मतदान करें। ढुल्लू महतो स्थानीय है इसलिए जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। मौके पर ब्राह्मण समाज के मिथिलेश कुमार तिवारी, मनीष पांडेय, चितरंजन दूबे, धर्मवीर दूबे, अरुण पांडेय, राजपूत समाज के रविंद्र कुमार सिंह और आरएसएस के सक्रिय नेता गणेश सिंह भी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### देश में एकता-समानता के लिए 'इस बार 400 पार' को करना होगा साकार: ढुल्लू




धनबाद (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में जदयू ने शनिवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डिगवाडीह, पाथरडीह, बस्ता कोला और कतरास मोड़ आदि इलाकों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व जदयू के धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने की। उन्होंने मतदाताओं से एनडीए की उपलब्धियां को विस्तार से गिरते हुए धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को कमल छाप पर बटन दबाकर जीताने की अपील की। मौके पर रामस्वरूप यादव, उचित महतो, धनलाल दूबे, विजय सिंह कुशवाहा, गीता देवी, पुष्पा पांडेय व डॉ राजेश राम आदि थे। दूसरी ओर, ढुल्लू महतो ने शनिवार को निरसा विधानसभा अंतर्गत कई पंचायतों का दौरा किया। जनसंवाद कर स्थानीय लोगों से समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य के और असामाजिक तत्वों से बचाने के लिए केंद्र में नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। 'इस बार 400 पार' के नारे को साकार करना है। यह तभी संभव होगा जब एक-एक कार्यकर्ता के सहयोग से जनता मुझे अपना बहुमूल्य मत देकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायेगी। उन्होंने विपक्षी पर निशाना साधते हुए कहा कि इस बात का ध्यान रखे जो पार्टी प्रभु श्रीराम जी का जयकारे लगाने से भी परहेज करती है, वह देश में एकता और समानता की क्या बात कर सकेगी। जनसंपर्क में उनके साथ ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, मंडल अध्यक्ष गोपाल गोस्वामी, प्रशांत बनर्जी आदि मौजूद थे।

### प्रशासन ने 85 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को कराया होम वोटिंग



तेनुघाट (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव में 85 साल से अधिक उम्र के वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाता को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए होम वोटिंग सुविधा के तहत शनिवार को गोमिया प्रखंड के होसिर, कंडेर सहित विभिन्न पंचायतों में सात वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग कराया गया। मतदान के बाद वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस संबंध में दिव्यांग मतदाता मो मुख्तार, गुलाबचंद प्रसाद, मुबारक अंसारी आदि ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को धन्यवाद दिया। कहा कि आपके सहयोग से लोकसभा के इस महापर्व में हमने भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है, इसके लिए हम सभी आपके आभारी रहेंगे। मौके पर गोमिया बीडीओ महादेव महतो, थाना के सअनि मनोज कुमार, पंचायत सचिव पंकज कुमार, पर्यवेक्षिका डॉ कांति कुमारी, बीएलओ संगीता देवी, अनिता देवी, असनुल इस्लाम, रामप्रसाद पटवारी और धनुषधारी प्रसाद आदि मौजूद थे।

### निर्दल प्रत्याशी सुनैना किन्नरने छोटा गुरुद्वारा और केंदुआ में जनसंपर्क कर मांगा आशीर्वाद



धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी सुनैना किन्नर ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाते हुए छोटा गुरुद्वारा पहुंची और मतदाताओं से अपने समर्थन में मतदान की अपील की। छोटा गुरुद्वारा पहुंचने पर सुनैना किन्नर का स्वागत किया गया। वहीं कमेटी के सदस्यों ने कहा कि सुनैना किन्नर एक अच्छी प्रत्याशी है जिनके बारे में हम सिख समाज को चिंतन करनी चाहिए। इसके बाद सुनैना केंदुआ के कई क्षेत्रों में जनसंपर्क के साथ ही नुक्कड़ सभा की। उन्होंने धोखेबाज राजनीतिक नेताओं से बचने और उन्हें वनोट देने की अपील की। कहा कि चुनाव में हार हो या जीत, हमारा समाज हमेशा जनहित में कार्य करता रहेगा।

# झामुमो और कांग्रेस के भ्रष्टाचार ने राज्य की अच्छी छवि बिगाड़ दी: सुदेश महतो





**कहा- झारखंड का भविष्य संवारना प्राथमिकता में, जीत के अंतर को बड़ा करने की दिशा में कार्य करें कार्यकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांचीयधनबाद।** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस के भ्रष्टाचार ने राज्य की छवि बिगाड़ दी है। लोकसभा चुनाव में जनता इसका बदला लेगी। साढ़े चार साल में राज्य ने बहुत कुछ खोया है। राज्य की गरिमा और भविष्य संवारना हमारी प्राथमिकता है। सुदेश महतो शनिवार को बाघमारा में आयोजित एनडीए की चुनावी बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज करने की रणनीति और चुनावी अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चुनावों की तारीख नजदीक है। भाजपा और आजसू के कार्यकर्ता कंधे से कंधे मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों और मिशन को कामयाब बनाने में काम करें। राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करना ही लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विकास आधारित राजनीति एनडीए का मजबूत स्तंभ है। दूसरी तरफ लूट-खसोट करने वालों का मौकापरस्त गठबंधन खड़ा है। वहीं, चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि एनडीए के सभी साथी आपसी समन्वय के साथ चुनावी मैदान में हैं और इस बार यह गठबंधन झारखंड की सभी 14 की 14 सीटों पर जीत दर्ज करने के साथ ही नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान देगा। मौके पर धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो भी मौजूद थे।

# ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे सुनील चौधरी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय युवा अध्यक्ष सह धनबाद जिला चुनाव प्रभारी सुनील चौधरी (पासी) अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ धनबाद के नावाडीह बारा मुडी के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को घर-घर घूमकर चुनाव प्रचार किया। मतदाताओं से धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील की। केंद्रीय अध्यक्ष ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हम सभी को दमनकारी व शोषणकारी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर देश की अखंडता व विकास के लिए मोदी जी के हाथों को मजबूत बना कर उन्हें पुनः प्रधानमंत्री बनाना है क्योकि विपक्ष हमारे देश से कही ज्यादा अहमियत पड़ोसी देशों को दे रहा है।

# देश में विकास के जरिए दिख रहा प्रधानमंत्री का कार्य: रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** भाजपा के विकास कार्यों को गिलवाने की जरूरत नहीं, पूरे देश में विकास के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया कार्य दिखाई दे रहा है। उक बातें प्रदेश भाजपा की कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह ने कही। वे शनिवार को मेमको मोड़ के समीप हवेली अपार्टमेंट स्थित भाजपा के लोकसभा प्रधान कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। उन्होंने बताया कि झारखंड को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफी कुछ दिया है। एक मार्च को सिंदरी हर्ल कारखाना का उद्घाटन के साथ-साथ धनबाद वासियों को रेल व अन्य माध्यम से जो सौगात उन्होंने दी है वह कोयलांचल वासियों के भविष्य के लिए काफी लाभकारी होगी। ऐसे में धनबाद संसदीय क्षेत्र की जनता का भी दायित्व बनता है कि 25 मई को अधिक से अधिक मतदान कर ढुल्लू महतो को जिताई और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। मौके पर भाजपा मीडिया कोषांग के मिल्टन पार्थसारथी आदि उपस्थित थे।

# मतदान जागरूकता अभियान को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** बेरमो प्रखंड अंतर्गत जरीडीह बाजार स्थित मित्र परिषद पुस्तकालय में अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने मतदान जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक आयोजित किया। जिसमें समाज के लोगों को मतदान के प्रति सकारात्मक संदेश दिया। बच्चों ने 'पहले मतदान फिर जलपान', 'मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है' आदि नारे के साथ मतदान को सफल बनाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने बच्चों को उत्सवर्धन करते आशीर्वाद दिया। विद्यालय के सचिव अनिल अग्रवाल ने सभी को बधाई दी।

# धनबाद सिविल कोर्ट का बदला स्वरूप अत्याधुनिक उपकरणों से हुआ लैस

## दिव्यांगों व वरिष्ठ जनों के लिए व्हील चेयर, लिफ्ट की व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** सिविल कोर्ट जहां रोजाना हजारों लोगों का आना-जाना होता है अब पूरी तरह से वतानुकूलित हो गया है। यही नहीं लोगों की सुविधा के लिए सारे आधुनिक व्यवस्थाएं भी की जा रही है। आने वाले समय में धनबाद से ही अधिवक्ता झारखंड उच्च न्यायालय में अपने मुकदमे में बहस कर सकेंगे और केस फाइल कर सकेंगे ऐसी व्यवस्था की जा रही है। सोलर पैनल के जरिए पूरे कोर्ट परिसर में विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है । खूंटी, रामगढ़ के बाद धनबाद में भी सोलर पैनल के जरिए पूरे कोर्ट की विद्युत आपूर्ति की जा रही है। वहीं ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 500 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों, वरिष्ठ वादकारियों, अधिवक्ताओं को कोर्ट रूम तक जाने के लिए व्हीलचेयर, अधिवक्ता, वादकारियों के लिए लिफ्ट की व्यवस्था अलग से की जा रही है ताकि किसी को न्यायिक प्रक्रिया में भाग लेने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। वादकारियो, पोक्सो एक्ट के गवाहों के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए उपरोक्त बातें बताई । उन्होंने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर धनबाद सिविल कोर्ट का पूरी तरह से आधुनिकीकरण किया गया है। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह जोनल जज धनबाद रंगन मुखोपाध्याय से प्राप्त दिशा निर्देश पर झारखंड ऊर्जा मंत्रालय द्वारा धनबाद सिविल कोर्ट के भवन को पूरी तरह से वातानुकूलित बनाया गया है। पूरे कोर्ट भवन में कुल 169 वातानुकूलित मशीन लगाई गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम के अलावा हर कोर्ट रूम में अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(सामान्य शाखा)**

**आदेश**

लोकसभा (आम) निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से शस्त्र नियमावली 1962 के नियम (63) के तहत जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्थानीय थाना/ओ०पी०/आर्म्स डीलर के पास शस्त्र जमा करने हेतु अंतिम तिथि दिनांक 16.05.2024 तक विस्तारित किया गया था।

उक्त निर्धारित तिथि तक निम्न तालिका में सूचीबद्ध 07(सात) शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र जमा नहीं किया गया है। उक्त 07(सात) शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को दिनांक 07–05–2024 एवं 15–05–2024 द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए शस्त्र जमा नही करने की स्थिति में इनकी अनुज्ञप्ति रद्य करने हेतु सूचना प्रकाशित की गई थी। सूचना प्रकाशन के पश्चात भी अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र जमा नहीं करने के कारण Arms act 1959 के कंडिका 17 की उप कंडिका 3(B) के तहत आपकी शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द की जाती है।

| क्र० | नाम | लाईसेंस सं० | थाना |
|---|---|---|---|
| 01 | विनय कुमार सिंह | 19/2007 | कोडरमा थाना |
| 02 | अभय कुमार सिंह | 20/2007 | कोडरमा थाना |
| 03 | ज्ञान प्रकाश मिंज | 05/10 | कोडरमा थाना |
| 04 | रंजीत प्रसाद | 05/72 | तिलैया थाना |
| 05 | रंजीत प्रसाद | 12/74 | तिलैया थाना |
| 06 | रामाधार सिंह | 06/88 | तिलैया थाना |
| 07 | अभिचन्द्र | 117/66 | तिलैया थाना |

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा से प्राप्त प्रतिवेदनानुसार ऐसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिनकी मृत्योपरांत उनके शस्त्र अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र पूर्व से संबंधित थाना में जमा है, उनकी शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्य की जा जाती है, जिसकी विवरणी निम्न है:–

| क्र0 सं0 | थाना | अनुज्ञप्ति सं0 | अनुज्ञप्तिधारियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | 06/1972 | श्री सुजीत सामंतो |
| 2 | मरकच्चो | 441/63 | मो0 मनीरूद्दीन |
| 4 | | 468/65 | श्री हीरालाल वर्मा |
| 5 | | 01/83 | श्री रमजान मियां |
| 6 | | 10/SH/71 | श्री मकबुल अहमद |
| 7 | | 02/89 | श्री गोरीश्शंकर सिंह |

अतः पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के अनुशंसा के आलोक में कुल 12(बारह) व्यक्तियों की 13(तेरह) शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्य की जाती है।

ह०/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
कोडरमा

PR 324939 District(24-25).D

# ओड़िशा चुनाव : महत्वपूर्ण बूथों पर तैनात की जायेंगी सीएपीएफ की 102 कंपनियां

**राज्य में दूसरे चरण और देश में पांचवें चरण में 35 विधानसभा सीटों और 5 संसदीय क्षेत्रों के लिए मतदान होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में 20 मई, 2024 को होने वाले दूसरे चरण के मतदान में 79 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का साब्यस्थ करने के लिए तैयार हैं। ओड़िशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीइओ) निकुंज बिहारी धल ने शनिवार को बताया कि राज्य में दूसरे चरण और देश में पांचवें चरण में 35 विधानसभा सीटों और 5 संसदीय क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। 5 संसदीय क्षेत्र कंधमाल, सुंदरगढ़, बरगड, बलांगीर और आस्का हैं। धल ने कहा, 5 लोकसभा सीटों पर 35 लाख से ज्यादा महिलाएं और 40 लाख से ज्यादा पुरुष वोटर हैं। इस चरण में 2.67 फीसदी मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। इस बार 35 विधानसभा सीटों पर 265 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 224 पुरुष और 41 महिला उम्मीदवार हैं। 20 मई को होने वाले मतदान के लिए करीब 9,162 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है।

कुल बूथों में से 20 प्रतिशत संवेदनशील मतदान केंद्र हैं, किसी भी अप्रीतिकर घटना से निपटने के लिए उन जिलों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 102 कंपनियां तैनात की जायेंगी जहां 20 मई को मतदान होना है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक 22 कंपनियां कंधमाल जिले में, 20 कंपनियां गंजाम में, 16 कंपनियां सुंदरगढ़ में, 14-14 कंपनियां बलांगीर और बरगढ़ में, 5 कंपनियां झारसुगुड़ा में, 4 कंपनियां सोनपुर में और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 2 कंपनियां नयागढ़ में तैनात की जायेंगी।

# 65 रेलवे कर्मचारियों को रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता







**भुवनेश्वर।** खुर्दा रोड डिवीजन ने रेतांग कॉलोनी रेलवे कल्याण मंडप में 68वां रेलवे सप्ताह पुरस्कार समारोह-रेल सेवा पुरस्कार-2023 मनाया। एच.एस.बाजवा मंडल रेल प्रबंधक खुर्दा रोड इस अवसर के मुख्य अतिथि थे। कल्याण पटनायक अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) और शुभ्रज्योति मंडल, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर बोलते हुए, एच एस बाजवा ने सभी पुरस्कार विजेताओं को निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रगतिशील दृष्टिकोण के साथ कर्तव्यों के प्रति उनके दृढ़ संकल्प और अथक प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि पूर्व तट रेलवे द्वारा आयोजित विशिष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार- 23 में समग्र दक्षता शील्ड सहित खुर्दा रोड डिवीजन ने 8 दक्षता शील्ड हासिल की हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, एच एस बाजवा ने कहा कि टर्मिनलों में माल ढुलाई, यानी लोडिंग और अनलोडिंग को मिलाकर, डिवीजन ने सभी डिवीजनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। माल लदान के मामले में भी यह डिविजन देश के सभी डिविजनों में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे खुर्दा रोड डिवीजन को भारतीय रेलवे में सर्वश्रेष्ठ डिवीजन बनाने के लिए उसी समर्पण और सहयोग के साथ काम करने के अपने प्रयास जारी रखें।

68वें रेलवे सप्ताह पुरस्कार समारोह में, मंडल ने रेलवे पुरुष और महिला कर्मचारियों को उनकी अनुकरणीय, कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित सेवा के लिए रेलवे सेवा पुरस्कार-2023 प्रदान किया। कुल 65 रेलवे कर्मचारियों को रेलवे सेवा पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगीता डांस एंड म्यूजिक स्कूल, जटनी, सृजनकुंज और बीजेबी के स्टाफ और बच्चों द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पुरस्कार समारोह में पूर्व तट रेलवे के महिला कल्याण संगठन के सभी शाखा अधिकारी, सदस्य उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन खोरधा रोड रेलवे डिवीजन के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी आर एन ए परिडा ने किया ।

# भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** शनिवार को आइजी सर गावां से लोटने के उपरांत धनवार विधानसभा के जेरूवाडीह, पलंगी, गरडीह, पांडेयडीह, अंबाटांड, खारियो, मनगसो, तथा नवाडीह आदि दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर सांसद अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील किए।

इस क्षेत्र की जनता ने आइजी सर को विश्वास भी दिलाए की आपके आग्रह का हमलोग अवश्य पालन करेंगे। क्षेत्र से लौटने के बाद आज का प्रोग्राम में संसद के रोड शो में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मनसाडीह पहुंचे। साथ में सुबोध कुमार राय, श्याम सिंह,अमर कुमार, भूपाल सिंह, संजय राणा, मधुसूदन सिंह, अधीर ओझा, उदय कुमार, रंजन सिंह, अनंत सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के साथ थे।

# टाटा स्टील ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** नरेंद्रपुर टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस को चिह्नित करने के लिए ओडापड़ा ब्लॉक के खड़गप्रसाद और धलपुर उप-केंद्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था। डेंगू की रोकथामः एक सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी जिम्मेदारी विषय पर आधारित, इस कार्यक्रम ने समुदायों और हितधारकों के बीच डेंगू को रोकने के लिए आवश्यक उपायों के बारे में जागरूकता पैदा की। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) और टीएसएफ सार्वजनिक स्वास्थ्य दल के सदस्यों के नेतृत्व में किये गये अधिवेशन में डेंगू के लक्षणों, उपलब्ध उपचार विकल्पों और डेंगू की रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। एक रैली के बाद व्यापक सूचना-आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैली में आशा, एएनएम, अंग कार्यकर्ता, समूह स्वास्थ्य कार्यकर्ता और टाटा स्टील फाउंडेशन के स्वयंसेवकों सहित 60 से अधिक लोगों ने भाग लिया। टाटा स्टील फाउंडेशन सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और डेंगू के खिलाफ लड़ाई में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता और टाटा स्टील फाउंडेशन के स्वयंसेवकों सहित 60 से अधिक लोगों ने रैली में भाग लिया। टाटा स्टील फाउंडेशन सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और डेंगू के खिलाफ लड़ाई में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# रांची में 23 तक छाये रहेंगे बादल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आने वाले दिनों में मौसम में उतार-चढ़ाव देखा जायेगा। 20 मई तक राज्य में बारिश और हीट वेव दोनों का मिला जुला असर देखा जायेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 20 मई को गढ़वा, पलामू, देवघर, बोकारो, धनबाद, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज में हीट वेव का असर देखा जायेगा। इसी दौरान राज्य के पूर्वी-दक्षिणी और मध्य हिस्से में बारिश और थंडरिंग की संभावना व्यक्त की गयी है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि इस दौरान 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। इसमें मुख्य रूप से पूर्वी सिहंभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, रांची, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ में बारिश के साथ तेज हवा और थंडरिंग की संभावना व्यक्त की गयी है। 23 मई तक बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। बारिश होने से तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी।

# रसोई कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा पहल के हिस्से के रूप में, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/एनएमएल रांची ने आज अर्बन खेती (अपशिष्ट प्रबंधन और जैविक खेती पर काम करने वाला संगठन) के सहयोग से स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब (एसएसएलसी) के सदस्यों के लिए रसोई अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को शहरी कचरे को कम करने, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण के महत्व से अवगत कराया गया। ऐसा देखा गया है कि जन जागरूकता और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण, शहरी समुदायों में रीसाइक्लिंग अभी भी मुख्यधारा की प्रक्रिया नहीं है। पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतर अपशिष्ट निपटान की आदत को अपनाना समय की मांग है। इसे ध्यान में रखते हुए, कार्यशाला का आयोजन प्रतिदिन रसोई के कचरे के पुनः उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए किया गया था और इसे एक विशेष प्रक्रिया के माध्यम से न्यूनतम प्रयासों के साथ जैविक खाद में कैसे परिवर्तित किया जा सकता है, इसके लिए निश्चित प्रक्रिया का पालन करके दिन-प्रतिदिन के रसोई के कचरे को खाद में परिवर्तित किया जा सकता है, जो कि घरेलू पौधों और पेड़ों की वृद्धि के लिये अच्छा है। कार्यक्रम में एसएसएलसी की अध्यक्ष रेखा जैन और लेडीज क्लब के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रकाश कुमार, विनोद कुमार, मैनेजिंग पार्टनर्स और सबीना परवीन, परियोजना समन्वयक, अर्बन खेती उपस्थित थे।

# बीएयू के कुलपति आइसीएआर गवर्निंग बॉडी के सदस्य बने

**रांची (आजाद सिपाही)।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सोसाइटी की आम सभा और शासी निकाय के सदस्य मनोनीत किये गये हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा आइसीएआर सोसाइटी की आम सभा के अध्यक्ष हैं, जबकि आइसीएआर के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक समिति के शासी निकाय के प्रमुख हैं। आइसीएआर सोसाइटी में देश के पांच कृषि विश्वविद्यालय के कुलपतियों को भी सदस्य मनोनीत किया जाता है।

# डाक निदेशक ने कर्मियों से वोट देने की अपील की

भारतीय डाक

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होना है। डाक सेवा के निदेशक पंकज कुमार मिश्रा ने शनिवार को डाक विभाग के सभी कर्मियों सहित अन्य लोगों से मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वयस्क नागरिक के नाते हमारी जिम्मेदारी भी है कि इस मतदान में हम भाग लें और वोट दें। डाक विभाग के कर्मियों और अन्य लोगों से जिनको मतदान का अधिकार मिला हुआ है, संविधान के तहत अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। मतदान में भाग लें। अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करते हुए मतदान करें, ताकि नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्य का निर्वहन अच्छे प्रकार से हो।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीणा वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करें
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

वर्मा प्रेस प्रा० लि०
रॉंची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

IGI Certified Diamond Jewellery
50% Off on Making Charge
भारी छूट
आकर्षक उपहार
NEW SONI JEWELLERS
GOLD SILVER DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
919955526560
919431143722

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
Creating Path Towards Success
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

Estd. : 2000 Affiliation No. : 3430183
D.A.V. ALOK PUBLIC SCHOOL
ISO- Certified, an English Medium Senior Secondary Co-Ed., Day cum Boarding School
Pundag, Ranchi - 04, Jharkhand ☎ 7033073440, 7782075070
For Detail Visit : www.davalok.org.in
ADMISSION OPEN (SESSION : 2024-25)
Std. XI (Science, Commerce & Arts) for CBSE/ICSE & Other Boards
Admission Form available at School Counter (8.00 AM to 4.00 PM) or it may be downloaded from school website. ● Cost of Admission Form Rs. 1000/-
SCHOLARSHIP SCHEME FOR DESERVING STUDENTS

| OUTSIDERS | 10TH MARKS IN PERCENTAGE | SCHOLARSHIP |
|---|---|---|
| XIth Science (Math/Bio) Marks in (Eng+Maths+Science) | (a) 75% - 80%<br>(b) 81% - 90%<br>(c) 91% - 100% | 50% in Admission Fee<br>70% in Admission Fee<br>90% in Admission Fee |
| XI (Commerce) Marks in (Eng+Maths+SST) | (a) 70% - 80%<br>(b) 81% - 90%<br>(c) 91% - 100% | 50% in Admission Fee<br>70% in Admission Fee<br>90% in Admission Fee |
| XI (Arts) Marks in (Eng + SST) | (a) 60% - 80%<br>(b) 81% & above | 50% in Admission Fee<br>70% in Admission Fee |

SPECIAL FEATURES :
- Scholarship in Tuition Fee upto 100% for 91% to 100% marks holder in 10th Board.
- Hostel (For Boys/Girls) - Std II onwards ( Rs. 21500/- Quarterly).
- Special care for Weak & Extraordinary students.
- Suitable school time table/routine.
- Bus Facility available.
- Cricket Academy

Result at a Glance
XII Sc. Aliya Afzal 93 %
XII Sc. Tasnim Raza 87%
XII Com Humble Hassan 80%
Xth Sahil Barik 94%
FEW SEATS ARE AVAILABLE FOR PN, LKG, UKG, STD I - STD IX
Branch : At Gargaon, Near Power Grid, Ranchi-Bero Road, Ranchi ☎ 7033073440
ADMISSION OPEN
Admission Form Available at School Counter.

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**